

दैनिक
# प्रतिदिन राजधानी
आम आदमी का खास अखबार

▸ संस्थापक-स्व. श्री रामचंद नचरानी ▸ प्रधान संपादक - शांति देवी नचरानी ▸ वर्ष : 25 ▸ अंक : 140 रायपुर, गुरूवार, 5 जून 2025 ▸ पृष्ठ : 12 ▸ मूल्य ` 2.00 RNI NO. CHH HIN/2001/05596

E-mail pratidincg@gmail.com E-paper https://epaper.pratidinrajdhani.in WhatsApp +91 62629 04444



3 हमारे बुजुर्ग हमारी धरोहर...

मां बनने के लिए मौत से लड़ीं... 6




# बेंगलुरु स्टेडियम के बाहर भगदड़, 11 लोगों की मौत

**एजेंसी, बैंगलुरू**

आईपीएल 2025 में अपनी पहली जीत का जश्न मना रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) की टीम को देखने के लिए हजारों प्रशंसक बंगलूरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर जमा हो गए। इस दौरान मची भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई और 33 लोग घायल हो गए हैं।

**चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर कैसे मची भगदड़?**

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जब स्टेडियम में आरसीबी टीम के सम्मान समारोह की शुरुआत होने वाली थी, तब एक साथ बड़ी संख्या में लोग अंदर जाने की कोशिश करने लगे। इससे भीड़ बेकाबू हो गई और भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। ज्यादा भीड़ पहुंचने से बिगड़ी स्थिति घटनास्थल पर मौजूद पुलिसकर्मियों को भीड़ नियंत्रित करने में खासी मशक्कत करनी पड़ी। हालात काबू में लाने के लिए हल्का बल प्रयोग भी किया गया। कई लोग बेहोश होकर गिर पड़े, जिन्हें एंबुलेंस से पास के अस्पतालों में पहुंचाया गया। कुछ लोगों को मौके पर ही सीपीआर देकर बचाने की कोशिश की गई।

**बंगलूरू भगदड़ पर पीएम मोदी ने जताया दु:ख**

बंगलूरू भगदड़ की घटना पर पीएम मोदी ने दुख जताया है। पीएम मोदी ने कहा– 'बंगलूरू में हुई दुर्घटना वाकई दिल दहला देने वाली है। इस दुखद घड़ी में मेरी संवेदनाएं उन सभी लोगों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। मैं प्रार्थना करता हूं कि जो लोग घायल हुए हैं वे जल्द स्वस्थ हों।'

**राज्य सरकार की प्रतिक्रिया**

कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने कहा कि 'यह एक युवा और उत्साही भीड़ थी, ऐसे में लाठीचार्ज नहीं किया जा सकता।' डीके शिवकुमार ने आगे कहा, 'मैंने पुलिस कमिश्नर और सभी से बात की है, मैं बाद में अस्पताल भी जाऊंगा। मैं उन डॉक्टरों को परेशान नहीं करना चाहता जो मरीजों की देखभाल कर रहे हैं। अभी सही संख्या नहीं बताई जा सकती, हम लोगों से शांत रहने की अपील करते हैं। हमने कार्यक्रम छोटा कर दिया, पूरा कार्यक्रम 10 मिनट में ही खत्म हो गया। हम सब कुछ सामान्य करने की कोशिश कर रहे हैं... यहां पर लाखों लोग आए थे।

**सरकार ले त्रासदी की जिम्मेदारी– BJP प्रदेशाध्यक्ष**

आरसीबी की जीत के जश्न के दौरान मची भगदड़ पर



कर्नाटक भाजपा अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र ने कहा, 'राज्य सरकार को इस त्रासदी की पूरी जिम्मेदारी लेनी चाहिए। जब पूरा देश और कर्नाटक ऋष्क्र की जीत का जश्न मना रहा था, तब राज्य सरकार ने बिना किसी पूर्व तैयारी के विजय रैली निकालने की जल्दबाजी की, जिससे यह त्रासदी हुई। राज्य सरकार ने कभी पूर्व तैयारियों की परवाह नहीं की। उन्हें प्रचार में अधिक रुचि थी। इसका नतीजा यह हुआ कि 11 से अधिक लोगों की मौत हो गई। कुछ लोग आईसीयू में हैं। मैंने कुछ पीड़ितों से बात की, अंदर कोई पुलिस नहीं थी, कोई एम्बुलेंस सुविधा नहीं थी। मुख्यमंत्री को मामले को न्यायिक जांच के लिए भेजना चाहिए।'

साय कैबिनेट का फैसला

# प्रदेश में नई ट्रांसफर पॉलिसी लागू, गांवों के बदले नाम

**प्रतिदिन राजधानी, रायपुर**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में मंत्रालय, महानदी भवन में आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में अनेक अहम फैसले लिए गए।

**स्थानांतरण नीति 2025 को मिली मंजूरी**

मंत्रिपरिषद ने वर्ष 2025 की स्थानांतरण नीति को मंजूरी दी। जिला स्तर पर स्थानांतरण 14 से 25 जून तक प्रभारी मंत्री की अनुमति से होंगे, जबकि राज्य स्तर पर विभागीय मंत्री के अनुमोदन से। आवेदन 6 से 13 जून के बीच लिए जाएंगे।

कम से कम 2 साल की सेवा अनिवार्य होगी।

गंभीर बीमारी, दिव्यांगता और सेवा निवृत्ति से एक वर्ष पूर्व विशेष छूट मिलेगी।

अनुसूचित क्षेत्रों से स्थानांतरण हेतु एवजीदार अनिवार्य होगा।

तृतीय श्रेणी में अधिकतम 10% और चतुर्थ श्रेणी में अधिकतम 15% स्थानांतरण होंगे।

probation पर कार्यरतों का स्थानांतरण नहीं किया जाएगा।

सभी आदेश ई–ऑफिस के माध्यम से जारी होंगे।

5 जून से सभी संलग्नीकरण समाप्त माने जाएंगे।

स्थानांतरण के विरुद्ध 15 दिन में राज्य स्तरीय समिति को अभ्यावेदन किया जा सकेगा।

25 जून के बाद स्थानांतरण पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा

डिप्टी ष्टरूविजय शर्मा नें कहा की शिक्षकों के अतिरिक्त गैर शिक्षकीय कर्मचारियों का ट्रांसफर होगा।

**दामाखेड़ा का नाम बदला गया**

बलौदाबाजार जिले की ग्राम पंचायत दामाखेड़ा का नाम अब फ्कबीर धर्मनगर दामाखेड़ाफ् होगा। यह निर्णय मुख्यमंत्री द्वारा मांघी मेला 2024 में की गई घोषणा के अनुरूप लिया गया।

**अन्य नाम परिवर्तन**

कबीरधाम जिले में ग्राम पंचायत गदहाभाठा का नाम अब सोनपुर और चण्डालपुर का नाम चन्दनपुर कर दिया गया।

**नवा रायपुर में कलाग्राम की स्थापना**

राज्य की कला और संस्कृति को बढ़ावा देने हेतु नवा रायपुर में संस्कृति विभाग को 10 एकड़ भूमि नि:शुल्क आबंटित कर कलाग्राम की स्थापना का



निर्णय लिया गया है।

**तीरंदाजी अकादमी को मंजूरी**

नवा रायपुर में राष्ट्रीय स्तर की तीरंदाजी अकादमी की स्थापना के लिए 13.47 एकड़ भूमि खेल विभाग को दी गई। इसमें आधुनिक रेंज, छात्रावास और प्रशिक्षण केंद्र बनेंगे।

**किफायती जन आवास नियम 2025**

शहरों में निम्न एवं मध्यम वर्गीय परिवारों को सस्ते भूखंड उपलब्ध कराने के लिए नई नीति लागू की गई है, जिससे सुव्यवस्थित कॉलोनियों को बढ़ावा मिलेगा और रियल एस्टेट सेक्टर को गति मिलेगी।

**'छत्तीसगढ़ युवा रत्न सम्मान' योजना शुरू**

राज्य में उल्लेखनीय कार्य करने वाले युवाओं और संगठनों को सम्मानित करने हेतु युवा रत्न सम्मान योजना शुरू की गई है।

हर साल एक युवा और एक संस्था को मिलेगा सम्मान।

युवा को 2.50 लाख रुपए तक व संस्था को 5 लाख तक की राशि दी जाएगी।

विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले 15–29 आयु वर्ग के युवाओं को भी एक–एक लाख रुपए तक का पुरस्कार दिया जाएगा।

सरकारी कर्मचारी एवं संस्थानों में कार्यरत लोग पात्र नहीं होंगे।

**कोच भर्ती हेतु नियम शिथिल किए गए**

खेल विभाग के कोच पद पर भर्ती हेतु NIS पटियाला के डिप्लोमा मापदंड को एक वित्तीय वर्ष के लिए शिथिल किया गया।

**छत्तीसगढ़ होमस्टे नीति 2025–30**

बस्तर व सरगुजा जैसे आदिवासी इलाकों में ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए होमस्टे नीति को मंजूरी दी गई है। इससे स्थानीय लोगों को रोजगार और पर्यटकों को गांवों की संस्कृति से जुड़ने का अवसर मिलेगा।

# केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ को जारी किए 2,784 करोड़ रुपए की अतिरिक्त राशि

**प्रतिदिन राजधानी, रायपुर**



केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ को 2,784.72 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि जारी की है. प्रदेश को मिली इस सौगात को लेकर वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने पीएम मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार जताया है. उन्होंने कहा कि इससे विकास की गति बढ़ाने का सुनहरा अवसर मिलेगा. इस राशि से बुनियादी ढांचे, जनकल्याण व जनहित योजनाओं को गति मिलेगी. 'विकसित भारत' के लक्ष्य को साकार करने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी.

वित्त मंत्री चौधरी ने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों को लगभग 82 हजार करोड़ रुपए की अतिरिक्त राशि केंद्र द्वारा आबंटित की गई है. इस क्रम में हमारे छत्तीसगढ़ को लगभग 2800 करोड़ की अतिरिक्त राशि प्राप्त हुई है. इसके लिए हमारी सरकार, हमारे मुख्यमंत्री के ओर से और पूरे छत्तीसगढ़ की जनता की ओर से पीएम मोदी और वित्त मंत्री सीतारमण को विशेष रूप से धन्यवाद ज्ञापित करते हैं.

उन्होंने कहा कि यह सहकारी संघवाद का विशेष उदाहरण है. जब से नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने हैं, तब से स्थापित होता जा रहा है. उन्होंने बताया कि राज्यों को पहले 32 प्रतिशत ग्रांट मिलता था. इसे पीएम बनने के बाद उन्होंने सीधे 10त्न बढ़ाकर 42 प्रतिशत कर दिया है. इसके साथ ही राज्यों को मजबूत करने का काम किया है।

# भीषण आग से 20 से ज्यादा दुकानें जलकर खाक

**प्रतिदिन राजधानी, बिलासपुर**

शहर के सबसे भीड़भाड़ वाले शनिचरी बाजार में तड़के सुबह 3 बजे भीषण आग लग गई. आग की चपेट में आने वाली करीब 2 दर्जन दुकानों जलकर खाक हो गई है. सूचना पर संयुक्त दमकल की टीम मौके पर पहुंचकर आग बुझाने में जुट गई. सकरी गलियों के चलते काबू पाने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी. इस घटना में व्यापारियों को भारी नुकसान होने की आशंका है।

जानकारी के मुताबिक, सीटी कोतवाली थाना क्षेत्र के शनिचरी बाजार में तड़के सुबह आग लगने से हड़कंप मच गया है. एकाएक आग की वजह से तेल, कॉस्मेटिक और किराने की लगभग 2 दर्जन दुकानें जलकर खाक हो गई. घटना की सूचना पर दमकल वाहन मौके पर पहुंचे. सकरी



गालियां होने के चलते दमकल कर्मियों को आग बुझाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। आशंका जताई जा रही है कि शार्ट सर्किट के चलते आग लगी है. आग लगने से व्यापारियों को हुए नुकसान का फिलहाल आंकलन नहीं हो पाया है. पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफऐक्शन, महाभियोग के लिए विपक्ष से मंथन

**एजेंसी, नई दिली।** दिल्ली हाई कोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग की प्रक्रिया जल्द ही शुरू होने वाली है. इस प्रक्रिया के लिए सरकार विपक्ष के साथ राजनीतिक सहमति बनाने की कोशिश कर रही है. संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू इस सहमति को स्थापित करने की जिम्मेदारी ले रहे हैं और उनका कहना है कि यह मामला राजनीतिक नहीं है, इसलिए किसी भी प्रकार के मतभेद की आवश्यकता नहीं है. यह न्यायपालिका से संबंधित एक गंभीर मुद्दा है, जिस पर सभी को मिलकर निर्णय लेना चाहिए. लगभग एक महीने पहले, पूर्व चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ एक रिपोर्ट प्रस्तुत की थी.

यह रिपोर्ट प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति को प्रस्तुत की गई थी, जिसमें तीन जजों की एक टीम ने जांच की और जस्टिस वर्मा को दोषी ठहराया. इसी आधार पर रिपोर्ट को उच्चतम अधिकारियों के पास भेजा गया. 14 मार्च को जस्टिस वर्मा के सरकारी आवास में आग लगने की घटना हुई, जिसमें बड़ी मात्रा में नकद राशि पाई गई, जबकि कुछ नोट जल भी गए. इस स्थिति ने सवाल उठाए, जिसके परिणामस्वरूप चीफ जस्टिस ने उनके खिलाफ जांच का आदेश दिया. इसके अतिरिक्त, जस्टिस वर्मा का स्थानांतरण इलाहाबाद हाई कोर्ट में कर दिया गया।




# पीएम मोदी कल करेंगे जम्मू–कश्मीर का दौरा चिनाब और अंजी रेल पुलों का करेंगे उद्घाटन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 6 जून को जम्मू–कश्मीर का दौरा करेंगे. इस दौरान वह विश्व के सबसे ऊंचे रेलवे आर्च ब्रिज, चिनाब पुल का उद्घाटन करेंगे और भारत के पहले केबल–स्टे रेल ब्रिज, अंजी पुल का भी शुभारंभ करेंगे. इसके अलावा, वह कटरा में 46,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे, उद्घाटन करेंगे और राष्ट्र को समर्पित करेंगे. चिनाब रेल ब्रिज, जो नदी तल से 359 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है, विश्व का सबसे ऊंचा रेलवे आर्च ब्रिज है यह 1,315 मीटर लंबा स्टील आर्च ब्रिज भूकंपीय और तेज हवाओं की स्थिति को झेलने के लिए डिजाइन किया गया है. यह पुल जम्मू और श्रीनगर के बीच रेल कनेक्टिविटी को बढ़ाने में महत्वपूर्ण



भूमिका निभाएगा. इस पुल पर वंदे भारत ट्रेन के जरिए कटरा से श्रीनगर की यात्रा में केवल 3 घंटे लगेंगे, जो मौजूदा यात्रा समय को 2–3 घंटे कम कर देगा.

वहीं, अंजी ब्रिज भारत का पहला केबल–स्टे रेल ब्रिज है , जो चुनौतीपूर्ण भौगोलिक क्षेत्र में रेल सेवाओं को मजबूत करेगा. प्रधानमंत्री उद्घाटन के दौरान 272 किलोमीटर लंबे उदयपुर–श्रीनगर–बारामूला रेल लिंक (यूएसबीआरएल) परियोजना को राष्ट्र को समर्पित करेंगे. लगभग 43,780 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित इस परियोजना में 36 सुरंगें (119 किमी) और 943 पुल शामिल हैं. यह परियोजना कश्मीर घाटी को देश के बाकी हिस्सों से हर मौसम में निर्बाध रेल कनेक्टिविटी प्रदान करेगी, जिससे क्षेत्रीय गतिशीलता और सामाजिक–आर्थिक एकीकरण को बढ़ावा मिलेगा।

छत्तीसगढ़ की बिटिया खुशबू नाग ने रचा इतिहास

# एनपीसी वर्ल्ड वाइड बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में जीता कांस्य पदक

**प्रतिदिन राजधानी, नारायणपुर**

जिस धरती को कभी पिछड़ेपन और अभाव का प्रतीक समझा जाता था, उसी धरती की एक बेटी ने अंतरराष्ट्रीय खेल मंच पर ऐसा परचम लहराया कि पूरा देश गर्व से झूम उठा। नारायणपुर जिले के आदिवासी अंचल अबूझमाड़ की 22 वर्षीय खुशबू नाग ने NPC रीजनल इंटरनेशनल बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप 2025 में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित इस वर्ल्ड लेवल प्रतियोगिता में खुशबू ने न केवल देश के कोनों–कोनों से आए धुरंधरों को चुनौती दी, बल्कि विदेशी प्रतिभागियों के बीच छत्तीसगढ़ की धमक भी कायम की।



खुशबू नाग की यह कहानी किसी फिल्मी स्क्रिप्ट से कम नहीं। लकड़ी के औजार बनाने वाले एक बढ़ई की बेटी, जिसने पढ़ाई–लिखाई के साथ अपने सपनों को पंख देने की ठान ली। अपनी मां को कैंसर से खोने का ग़म हो या सीमित संसाधनों में खुद को तैयार करने की जद्दोजहद–खुशबू ने हर चुनौती को सीढ़ी बनाकर अपनी मंज़िल की ओर कदम बढ़ाए। 2019 में मां को खोने के बाद जब दुनिया सिमटने लगी थी, तब उनके भाई ने उन्हें जिम जाने की सलाह दी। यही वह मोड़ था, जब दुख ने दिशा दी और खुशबू ने फिटनेस को अपना मिशन बना लिया। रोज़ाना पसीना बहाते हुए, खुद को तराशते हुए, वह एक साधारण युवती से प्रोफेशनल बॉडी बिल्डर बन गईं। कोच दिलीप यादव ने उनकी प्रतिभा को पहचाना और उन्हें ह्वक्क्ष्ट चैंपियनशिप की ओर बढ़ाया।

# 6वीं मंजिल से कूदकर युवती ने की आत्महत्या



**रायपुर।** राजधानी रायपुर से आत्महत्या का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। अमलीडीह इलाके में स्थित साईं ड्रीम्स सोसाइटी के 6 वें मंजिल से कूदकर एक युवती ने जान दे दी है। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है। यह मामला न्यू राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र का है। मृतिका की पहचान 27 वर्षीय जसविंदर कौर उर्फ जैसी के रूप में हुई है। जो मूल रूप से भिलाई के खुर्सीपार की रहने वाली थी। जैसी बीते कुछ समय से मानसिक तनाव में थी। मिली जानकारी के अनुसार, उसका पूर्व प्रेमी उसे लगातार परेशान कर रहा था।

## सम्पादकीय

# ग्रिड में नवीकरणीय ऊर्जा का एकीकरण

नवीकरणीय ऊर्जा के विस्तार की दिशा में भारत के प्रयासों के सामने एक प्रमुख चुनौती है राष्ट्रीय ग्रिड में ऐसी ऊर्जा की कम खपत। नवीकरणीय ऊर्जा में प्रमुख तौर पर सौर, पवन तथा जल विद्युत शामिल हैं और इसकी कुल क्षमता देश की कुल स्थापित उत्पादन क्षमता की 40 फीसदी है मगर वास्तविक उत्पादन में अब भी कोयले वाले ईंधन का 78 फीसदी योगदान है। यह अंतर बताता है कि नवीकरणीय ऊर्जा को खपाने में राष्ट्रीय ग्रिड को किस तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रिड प्रबंधन के लिए बड़ी चुनौती है 'अत्यधिक नवीकरणीय ऊर्जा' की खपत करना। इस विशिष्ट समस्या को सहजता से दूर करने यानी नवीकरणीय ऊर्जा को ग्रिड व्यवस्था में सहजता से मिलाना जरूरी है क्योंकि ऐसा होने पर ही भारत 2030 तक 500 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में बढ़ पाएगा। नवीकरणीय ऊर्जा दिन में उच्चतम स्तर पर रहती है, जिससे दिन में इसकी सबसे ज्यादा आपूर्ति होती है मगर अधिकतम मांग अक्सर शाम के समय होती है। ऊंची मांग वाले समय में नवीकरणीय ऊर्जा पर निर्भरता बहुत तेजी से कम हो जाती है और उस समय कोयले से बनी बिजली की तत्काल आवश्यकता होती है। नवीकरणीय ऊर्जा के उत्पादन में अचानक तेजी और अचानक गिरावट से ग्रिड में उथलपुथल मच सकती है और बिजली जा सकती है। पिछले महीने स्पेन में बिजली गुल होने की जो घटना हुई थी, उसका कारण सौर ऊर्जा उत्पादन में आई एकाएक गिरावट को बताया गया था। गत वर्ष भारत के सौर ऊर्जा संपन्न राज्यों में बिजली जाने की घटनाएं हुईं। ऐसा भीषण गर्मी के समय हुआ, जब मांग बहुत अधिक होती है। देश में ग्रिड चलाने वाली ग्रिड इंडिया के अधिकारी भी अब तक विकल्प तलाश रहे हैं ताकि मांग और आपूर्ति में गड़बड़ी को दूर किया जा सके। इसमें ताप बिजली घरों को दो पालियों में चलाने यानी सुबह और शाम ढलने पर चलाने का विकल्प भी शामिल है। कोशिश यह भी है कि धूप जैसे ही खत्म हो, नवीकरणीय ऊर्जा को ऑफलाइन कर दिया जाए।

दूसरा विकल्प यह है कि ताप बिजली संयंत्रों को 40-45 की ताप दर पर चलाया जाए और नवीकरणीय ऊर्जा कमजोर पड़ने पर इसकी क्षमता बढ़ा दी जाए। ताप दर से तात्पर्य है इलेक्ट्रिकल ऊर्जा के उत्पादन में ताप बिजली का योगदान। केंद्रीय विद्युत नियामक प्राधिकरण भी ऐसे नियमन की तलाश कर रहा है जो ताप बिजली उत्पादकों को ताप दर कम करने पर मुआवजा दिया जा सके। ये तमाम उपाय महत्त्वपूर्ण हैं लेकिन बैटरी ऊर्जा भंडारण के मजबूत ढांचे का विकल्प ये नहीं हो सकते। सरकार की बिजली नीति नियोजन सलाहकार संस्था केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) के मुताबिक भारत को उच्च सौर और पवन ऊर्जा क्षमता को ग्रिड में शामिल करने के लिए 74 गीगावॉट ऊर्जा भंडारण क्षमता की आवश्यकता होगी। सीईए ने हाल में एक मशविरा जारी किया है, जिसके तहत सौर ऊर्जा परियोजनाओं के साथ ऊर्जा भंडारण की व्यवस्था भी स्थापित करनी होगी। सीईए ने यह भी आवश्यक किया है कि सभी नवीकरणीय ऊर्जा क्रियान्वयन एजेंसियों की भविष्य की निविदा में दो घंटे के ऊर्जा भंडारण की सह-स्थापना की व्यवस्था की जाए।

# गंभीर संकट का संकेत है ग्लोबल वार्मिंग

**1896 में ही स्वीडिस मौसम विज्ञानी ने ग्लोबल वार्मिंग के खतरों से चेता दिया था। 1975 में ग्लोबल वार्मिंग को लेकर सबसे पहली रिपोर्ट आई और 1988 में अमेरिका की सीनेट में नासा वैज्ञानिक जैम्स हेनसेन से चर्चा करते हुए आने वाले संकट को स्पष्ट कर दिया था। ग्लोबल वार्मिंग के चलते आज दुनिया के देशों, समुद्र किनारे के शहरों, जंगलों की जैव विविधता और बच्चों, बुजुर्गों और पुरानी बीमारियों से ग्रसित लोगों के सामने गंभीर संकट आ गया है। कहने का अर्थ यह है कि यह संकट किसी एक स्थान या एक नागरिक विशेष पर ना होकर समूची मानव जाति और अस्तित्व पर आ गया है। इसके दुष्परिणामों को तो इस तरह से समझा जा सकता है कि ग्लेशियर तेजी से पिघलने लगे हैं, इससे समुद्र का जल स्तर लगातार बढने लगा है। मौसम के हालात अस्पष्ट होते जा रहे हैं। गर्मी और अधिक लंबी व गर्म होती जा रही है तो मौसम चाहे सर्दी हो, गर्मी हो या बरसात हो चरम स्थिति में होने लगा है।**



**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा ।**

जलवायु परिवर्तन या यों कहे कि ग्लोबल वार्मिंग के चलते मानव अस्तित्व पर आ रहे संकट की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि 2 जून को समूचे विश्व में ग्लोबल हीट एक्शन डे मनाया जाने लगा है। ग्लोबल वार्मिंग के दुष्परिणाम तेजी से हमारे सामने आने लगे हैं। लाख प्रयासों, शिखर सम्मेलनों और संकल्पों के बावजूद पृथ्वी पर तापमान की बढ़ती दर को रोकने में हम पूरी तरह से विफल रहे हैं। 1850 से अब तक के रेकार्ड के अनुसार विश्व में अब तक का सबसे गर्म साल 2024 रहा है। वर्कले अर्थ द्वारा जारी रिपोर्ट में भी इस बात की पुष्टि होती है कि सर्वाधिक गर्म साल 2024 रहा है। मजे की बात यह है कि यह सब तो तब है जब ग्लोबल वार्मिंग को लेकर वैश्विक सम्मेलन लगातार आयोजित हो रहे है और पृथ्वी के बढते तापमान को डेढ़ डिग्री तक सीमित करने के प्रयास किये जा रहे हैं। ग्लोबल वार्मिंग का सीधा सीधा अर्थ धरती के तापमान में बढ़ोतरी होना है। इस साल 2025 के ग्लोबल हीट डे की थीम रिकागनाइजिंग एण्ड रेस्पोडिंग टू हीट स्ट्रोक रखा गया है। दुनिया के देष 2050 तक ग्लोबल वार्मिंग दर को 50 प्रतिशत कम तक लाना है। रेगिस्तान बढ रहा है तो जलवायु परिवर्तन या यों कहें कि ग्लोबल वार्मिंग के चलते नित नए चक्रवात, तूफान, बरसात के दिन कम होने के बावजूद एक ही समय में अत्यधिक बरसात, सर्दियों में अधिक बरसात आदि सामने आ रहे हैं। मौसम विज्ञानियों ने पहले ही चेता दिया था कि औद्योगिक क्रान्ति और उसके चलते हमारी जीवन शैली में बदलाव से ग्लोबल वार्मिंग के हालात बनते जा रहे हैं। ग्लोबल वार्मिंग का सबसे प्रमुख कारण जीवाश्म ईंधन का अत्यधिक उपयोग रहा है। कोयला, तेल, गैस आदि जीवाश्म ईंधन के उपयोग से अंतरिक्ष की परत प्रभावित हुई है और उसके चलते तापमान में बढ़ोतरी के हालात बनते जा रहे हैं। हमें भूलना नहीं चाहिए कि जीवाश्म ईंधन के साथ ही कुछ अन्य कारण भी है जिनके चलते तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। अत्यधिक शहरी करण और लोहे सीमेंट के उपयोग के कारण गगनचुंबी इमारतों से कंक्रिट के जंगल का विस्तार, आबादी का अत्यधिक दबाव होने के कारण प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक व बेरहमी से दोहन, सुविधा के लिए नित नए इलेक्ट्रोनिक उत्पादों का अत्यधिक उपयोग, पंखें या कूलर के स्थान पर एयर कण्डीशनरों का उपयोग, रसोई में फ्रीज व अन्य उत्पादों का उपयोग और इसी तरह के अन्य वस्तुओं के उपयोग के चलते तापमान में बढ़ोतरी का कारण बनता जा रहा है। मजे की बात यह है कि आज जिसे बेहतर व उपयोगी बताया जा रहा है कुछ समय बाद ही उसे हानिकारक बताने में भी नहीं हिचका जा रहा। आज जापान आदि देशों में माइक्रोवेव ओवन या आरओ आदि के उपयोग को हानिकारक बताया जाने लगा है। पहले प्लास्टिक को बढ़ावा दिया गया और अब उसके दुष्परिणाम सामने हैं। इसी तरह से जीवाश्म ईंधन के विकल्प के रुप में ईवी वाहनों के प्रोत्साहन के साथ ही दबे स्वर में यह रिपोर्ट आने लगी है कि ईवी का भी असर तापमान बढ़ोतरी पर पड़ेगा।

हालात यहां तक होने लगे हैं कि हीट स्ट्रोक के कारण लोगों की ही नहीं जानवरों की भी जान जाने लगी है। ग्लोबल हीट एक्शन डे के आयोजन के पीछे लोगों को हालात की गंभीरता से सजग करना और अत्यधिक हीटवेव से बचने के लिए सतर्क और सजग करना है। तापमान की बढ़ोतरी का इसी से अंदाज लगाया जा सकता है कि स्थानीय निकायों द्वारा तापमान अधिक होने पर आमनागरिकों को राहत देने के लिए सड़कों पर पानी का छिड़काव करवाया जाने लगा है तो जयपुर सहित कई शहरों में सिग्नल वाले रास्तों पर गर्मी से राहत के लिए हरा पर्दा टांगा जाने लगा है। हीट एक्शन डे के माध्यम से लोगों को सजग करना, हीटवेव से बचने व सुरक्षा के उपायों खासतौर से भूखे पेट नहीं रहना, पानी व तरल पदार्थ का अधिक सेवन के साथ ही छाया में रहने और ढीले कपड़े पहने के साथ ही शरीर को ढक के रखना आदि के प्रति अवेयर करना है। आज लोगों में पशुपक्षियों के प्रति भी संवेदनशीलता बढी है और गर्मी के चलते दाना-पानी की व्यवस्थाएं एक अभियान के रुप में की जाने लगी है। खैर यह तो व्यक्तिगत प्रयासों की बात हुई पर तापमान के चलते जंगलों में दावानल, समुद्र किनारें के शहरों के लिए खतरा व एक ही बरसात में बाढ़ जैसे हालात होना, आंधी तूफान के कारण जन-धन हानि और अन्य समस्याएं तेजी से बढ़ती जा रही है। ऐसे में अभी भी समय है कि हम सजग हो जाएं और प्रकृति से खिलवाड़ कर प्रकृति को विकृति बनाने के स्थान पर प्रकृति को विकास का वाहक बनाने में उपयोग करें तो यह अधिक सकारात्मक होगा। इसके लिए बीट द हीट के हैसटैग से संदेश देने का आह्वान भी लगातार किया जा रहा है।

# वैश्विक विस्मृति के शिकार तियानमेन चौक के शहीद

तियानमेन नरसंहार को लेकर वर्षों तक चीन सरकार ने मृत्यु संख्या को लेकर पूर्ण गोपनीयता बनाए रखी, लेकिन समय के साथ कुछ अंतर्राष्ट्रीय दस्तावेज सामने आए, जिन्होंने इस भयावह घटना की असली तस्वीर उजागर की। चीन में तत्कालीन ब्रिटिश राजदूत एलन डॉनल्ड ने 1989 में लंदन भेजे अपने एक गोपनीय टेलीग्राम में स्पष्ट रूप से कहा था कि इस सैन्य कार्रवाई में कम से कम 10,000 लोगों की मृत्यु हुई। यह टेलीग्राम घटना के 28 वर्षों बाद सार्वजनिक हुआ। हांगकांग बैप्टिस्ट विश्वविद्यालय में चीनी इतिहास, भाषा और संस्कृति के विशेषज्ञ ज्यां पिए कबेस्टन ने भी इस टेलीग्राम पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि 'ब्रिटिश राजनयिकों द्वारा भेजे गए आँकड़े हैं और इन्हें खारिज नहीं किया जा सकता।' प्रसिद्ध चीनी लेखक और सामाजिक आलोचक लियाओ इयवु ने तियानमेन नरसंहार को लेकर अपनी लेखनी के माध्यम से चीनी सत्ता की क्रूरता को बेनकाब किया है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा था कि चीन अब पूरी दुनिया के लिए एक गंभीर खतरा बन चुका है।

**राकेश सैन।**



वर्तमान युग लोकतंत्र का है, इस प्रणाली की लाख खामियों के बावजूद आधुनिक दुनिया अपने आप को लोकतांत्रिक व्यवस्था कहलवाना पसंद करती है। यहां तक कि मजहबी राजनीतिक व्यवस्था वाले देश भी अपने नाम में किसी न किसी तरह लोकतंत्र शब्द को शामिल करके स्वयं को प्रगतिशील साबित करने का प्रयास करते हैं। पर आश्चर्य की बात है कि लोहावरणवादी कम्युनिस्ट व्यवस्था को जबरन ढो रही चीन की जनता ने आज से चार दशक पहले लोकतंत्र के पक्ष में आवाज उठाई तो उसे टैंकों ने रौंद दिया और आज लोकतांत्रिक वैश्विक समाज उस घटना को लगभग भूल सा गया लगता है। दरअसल 4 जून, 1989 में चीन के बीजिंग का तियानमेन चौक बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शनों का केन्द्र बना, जिसे चीन के कम्युनिस्ट शासकों ने बुरी तरह कुचल दिया। इसकी पृष्ठभूमि में जाएं तो पता चलता है कि 1980 के दशक में चीन बड़े बदलावों से गुजर रहा था। सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ने कुछ निजी कंपनियों और विदेशी निवेश को अनुमति देना शुरू कर दिया। चीनी नेता डेंग जियाओपिंग को इससे अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलने और लोगों का जीवन स्तर ऊपर उठने की आशा थी। इस कदम से राजनीतिक खुलेपन की उम्मीद भी जगी, लेकिन उस समय कम्युनिस्ट पार्टी दो भागों में बंट गई। एक वर्ग वो जो तीव्र परिवर्तन की मांग कर रहा था, तथा दूसरा वो कठोर राज्य नियंत्रण बनाए रखना चाहता था। इस दौरान छात्रों के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन शुरू हुए। इसमें भाग लेने वालों में वे लोग शामिल थे जो विदेश में रह चुके थे और नए विचारों तथा उच्च जीवन स्तर से परिचित थे। 1989 में अधिक राजनीतिक स्वतंत्रता की मांग के साथ विरोध प्रदर्शन बढ़ गये। प्रदर्शनकारियों को एक प्रमुख राजनीतिज्ञ हू याओबांग से प्रोत्साहन मिला, जिन्होंने कुछ आर्थिक और राजनीतिक परिवर्तनों की देखरेख की। दो वर्ष पहले राजनीतिक विरोधियों ने उन्हें पार्टी के शीर्ष पद से हटा दिया था। अप्रैल में हू की मौत हो गई, उनके अंतिम संस्कार के दिन हजारों लोग एकत्रित हुए और उन्होंने अधिक अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तथा कम सेंसरशिप की मांग की। अगले सप्ताहों में, प्रदर्शनकारी तियानमेन चौक पर एकत्र हुए, जिनकी अनुमानित संख्या दस लाख तक थी। तत्कालीक कम्युनिस्ट व्यवस्था ने इस दौरान न केवल हजारों निर्दोष नागरिकों, विशेषकर छात्रों और श्रमिकों का निर्मम दमन किया गया, बल्कि करोड़ों चीनी नागरिकों के मौलिक संवैधानिक अधिकारों को भी रौंद दिया। 3-4 जून की रात, चीन की जनमुक्ति सेना ने बख्तरबंद टैंकों और हथियारों से छात्रों पर हमला किया। हजारों की संख्या में निर्दोष लोगों की हत्या कर दी गई। यह भयावह घटना इतिहास में चार जून की घटना या तियानमेन नरसंहार के नाम से दर्ज है जो आज भी चीन में एक वर्जित विषय बना हुआ है। घटना वाले दिन बीजिंग की सडक़ों पर वह भयावह मंजर शुरू हुआ। चीनी सेना ने राजधानी में प्रवेश कर गोलीबारी शुरू कर दी, जिससे प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार 35-36 लोग मारे गए। लेकिन यह तो केवल शुरुआत थी। 4 जून की सुबह करीब 4 बजे, जब तियानमेन चौक पर हजारों की संख्या में निहत्थे छात्र, नागरिक, बच्चे और बुजुर्ग शांतिपूर्वक लोकतंत्र और पारदर्शिता की मांग को लेकर एकत्र थे, तब कम्युनिस्ट सरकार ने क्रूरतम रूप का प्रदर्शन किया। सरकार ने न सिर्फ टैंक और हथियारबंद जवानों को तियानमेन चौक पर भेजा, बल्कि लड़ाकू विमानों तक की तैनाती की। बिना किसी चेतावनी के गोलियां बरसाई गईं। निर्दोष लोगों को कुचला गया, दौड़ते बच्चों को निशाना बनाया गया, और चौक को रक्तरंजित कर दिया गया। यह कार्रवाई सिर्फ एक नरसंहार नहीं बल्कि लोकतंत्र, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और मानवाधिकारों की भावना पर एक संगठित, राज्य-प्रायोजित प्रहार था। बीजिंग की सडक़ों पर मानव रक्त की नदियाँ बह रही थीं। यह कोई युद्ध का मैदान नहीं था, बल्कि एक शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक प्रदर्शन के खिलाफ राज्य द्वारा चलाया गया सुनियोजित नरसंहार था। चीन की कम्युनिस्ट सरकार ने छात्रों और नागरिकों की शांतिपूर्ण मांगों का उत्तर टैंकों और गोलियों से दिया। रात के अंधेरे में बीजिंग की सडक़ों पर टैंक गर्जना करने लगे और कुछ ही घंटों में लगभग 10,000 निर्दोष लोगों की जानें चली गईं। चीनी सरकार अनुसार, दो सौ लोग मरे और तीन हजार घायल हुए। 'बॉल्स ऑफ ओपियम' नामक अपनी पुस्तक में, जो विशेष रूप से तियानमेन चौक की घटना पर आधारित है, उन्होंने लिखा, 'लोकतंत्र की स्थापना के लिए संघर्ष कर रहे हजारों लोगों को सेना ने निर्ममता से कुचल दिया।' यह पुस्तक न केवल चीन में प्रतिबंधित कर दी गई, बल्कि लियाओ को इस विचारधारा के खिलाफ बोलने के कारण जेल, गुप्त निगरानी और अंततः निर्वासन तक का सामना करना पड़ा। इस घटना के बाद भी चीनी सरकार ने दमनात्मक रवैया छोड़ा नहीं बल्कि अत्याचारों की सारी सीमाएं लांघ दी। 6 जून नरसंहार के तुरंत बाद चीन में स्थित विदेशी दूतावासों ने अपने-अपने नागरिकों को सुरक्षा कारणों से देश छोडऩे के निर्देश जारी किए ताकि इस घटना पर पर्दा डाला जा सके। 16 जून को आंदोलन का नेतृत्व करने वाले छात्र नेताओं की व्यापक गिरफ्तारी शुरू हुई। विभिन्न विश्वविद्यालयों से जुड़े 1000 से अधिक छात्र नेताओं को चिन्हित कर हिरासत में लिया गया। अगले दिन 17 जून बीजिंग में 8 नागरिकों को मृत्युदंड दिया गया। 20 जून को चीन ने सभी ट्रैवल वीजा पर रोक लगा दी। यह निर्णय इसलिए लिया गया ताकि कोई भी आंदोलनकारी देश छोडक़र अंतर्राष्ट्रीय समर्थन न प्राप्त कर सके, और विरोध की आवाज को सीमा के भीतर ही दबा दिया जाए। वैसे तियानमेन नरसंहार वामपंथी विचारधारा के चरित्र का कोई अपवाद नहीं, बल्कि उसकी सतत अमानवीय प्रवृत्तियों की ही एक कड़ी है। इतिहास के पन्ने पलटने पर स्पष्ट होता है कि वामपंथी अधिनायकवाद का पूरा इतिहास ऐसे ही संविधान-विरोधी अत्याचारों और दमन की घटनाओं से अटा पड़ा है। लेनिन के नेतृत्व में 'बोल्शेविक क्रांति' के बाद लाखों विरोधियों का दमन, स्टालिन के 'ग्रेट पर्ज' के दौरान अनुमानित दो करोड़ से अधिक लोगों की हत्या, और माओत्से तुंग के 'ग्रेट लीप फारवर्ड' और 'कल्चरल रेवेल्यूशन' में करोड़ों लोगों की मौतें, यह दिखाती हैं कि वामपंथी शासन अक्सर आलोचना और विरोध को कुचलने के लिए नरसंहार और दमन को ही नीति का रूप दे देता है।

# भारत की भलाई की जानबूझकर अनदेखी, देश हित पर भारी पड़ रहे दलगत स्वार्थ

**राजीव सचान।**



आखिरकार शशि थरूर के बाद कांग्रेस के कुछ नेताओं ने पाकिस्तान के आतंकी चेहरे को बेनकाब करने और आपरेशन सिंदूर का औचित्य बताने के लिए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल अपने एक और नेता सलमान खुर्शीद पर भी हमला बोल दिया। जैसे थरूर ने ऐसे नेताओं का नाम न लेते हुए उन्हें जवाब दिया, वैसे ही खुर्शीद ने भी। इसी के साथ उन्होंने अपनी पीड़ा बयान करते हुए यह प्रश्न भी किया कि क्या देशभक्त होना इतना कठिन है? यह केवल एक प्रश्न नहीं, पीड़ा भी है। इस पीड़ा का अनुभव कांग्रेसजन भी कर रहे होंगे, लेकिन वे कुछ कह नहीं सकते, क्योंकि उन्हें भी पता है कि थरूर और खुर्शीद पर हमले पार्टी नेतृत्व के करीबी कर रहे हैं। थरूर और गांधी परिवार के रिश्ते शायद तबसे ठीक नहीं चल रहे, जबसे उन्होंने मल्लिकार्जुन खरगे के विरुद्ध अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ा। राहुल गांधी के अति विश्वासपात्र जयराम रमेश ने उन पर कटाक्ष करते हुए कहा था, 'कांग्रेस में होने और कांग्रेस का होने में' फर्क होता है। लोकसभा चुनाव का टिकट न मिलने पर पाला बदलने और अब खुद को कांग्रेस का सिपाही कहने वाले उदितराज की समझ से थरूर भाजपा के सुपर प्रवक्ता बन गए हैं। अतीत में नरेन्द्र मोदी और शशि थरूर एक-दूसरे की आलोचना कर चुके हैं। बाद में कुछ मौकों पर दोनों ने एक-दूसरे की प्रशंसा भी की। थरूर ने आपरेशन सिंदूर को भारत की उचित प्रतिक्रिया बताते हुए ट्रंप पर भी निशाना साधा। थरूर के विपरीत सलमान खुर्शीद गांधी परिवार के करीबी माने जाते हैं। वह पहले भी भाजपा के आलोचक रहे हैं और अब भी हैं। उन्होंने कहा भी, 'क्या यहां मैं सरकार का विरोध करने आया हूं? यदि ऐसा करना होगा तो भारत जाकर करूंगा। यहां तो मैं भारत के पक्ष में बोलने आया हूं।' यह वही खुर्शीद हैं, जिन्होंने अपनी किताब में लिखा था कि हिंदुत्व इस्लामिक स्टेट और बोको हराम जैसा है। तब उनकी आलोचना इसी स्तंभ में की गई थी। खुर्शीद पर इसलिए निशाना साधा गया, क्योंकि इंडोनेशिया में उन्होंने जम्मू-कश्मीर से अनु. 370 हटाने को सही बताया। ध्यान दें कि इस अनुच्छेद को हटाने के फैसले का समर्थन करने वाले कांग्रेस के कई नेता पार्टी छोड़ चुके हैं। यह राहुल गांधी और उनके करीबी ही बता सकते हैं कि थरूर के साथ खुर्शीद को निशाने पर लेने से कांग्रेस या फिर देश के कौन से हित सध रहे हैं, क्योंकि आम लोगों के लिए इसे समझना कठिन है। क्या कांग्रेस नेतृत्व यह बुनियादी बात भी नहीं समझता कि मोदी के नेतृत्व वाली भारत सरकार और भारत में अंतर है? आम तौर पर अपने ही नेता की आलोचना गुटबाजी, उसके बढ़ते कद या फिर नेतृत्व की उससे नाराजगी के चलते की जाती है।

सलमान खुर्शीद कांग्रेस के ऐसे नेता नहीं हैं, लेकिन उन्हें भी नहीं बख्शा गया। अपने देश में दूसरे दलों और उनके नेताओं पर सही-गलत आरोप लगाने में कोई समस्या नहीं होती, लेकिन इसका भी एक समय होता है। सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल भाजपा सांसद निशिकांत दुबे विश्व में भारत की बात कहने से ज्यादा जोर एक्स पोस्ट के जरिये कांग्रेस पर हमला करने में दे रहे हैं। हैरानी है कि सरकार और भाजपा की ओर से कोई उनसे यह क्यों नहीं कह रहा कि दुबे जी, जरा थम जाएं।

**मेष**

भूमि व भवन संबंधित कोई बड़ा सौदा बड़ा लाभ दे सकता है। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। पार्टनरों का सहयोग प्राप्त होगा। किसी प्रभावशाली व्यक्ति के सहयोग से काम होंगे। धन प्राप्ति में सुगमता होगी।

**वृषभ**

प्रेम-प्रसंग में जल्दबाजी न करें। व्यय होगा। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। परिवार के सदस्यों तथा मित्रों के साथ समय सुखमय व्यतीत होगा।

**मिथुन**

समाजसेवा में मन लगेगा। आत्मशांति रहेगी। प्रयास सफल रहेंगे। बिगड़े काम बनेंगे। घर-बाहर सभी ओर सफलता प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। घर-बाहर प्रसन्नता का वातावरण निर्मित होगा। धनार्जन होगा।

**कर्क**

किसी पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बन सकता है। संगीत व चित्रकारी आदि रचनात्मक कार्यों में रुचि रहेगी। नए विचार मन में आएंगे। धन प्राप्ति सुगम होगी। समय की अनुकूलता का लाभ लें।

**सिंह**

नकारात्मकता शोक समाचार प्राप्त हो सकता है। कोई पुराना रोग उभर सकता है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलेगी। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे।

**कन्या**

काम करते समय तथा आते-जाते समय विशेष सावधानी की आवश्यकता है। शारीरिक तथा धन हानि हो सकती है। वाणी पर नियंत्रण रखें। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे। मित्रों तथा रिश्तेदारों का सहयोग प्राप्त होगा।

**तुला**

योजना फलीभूत होगी। प्रभावशाली व्यक्ति सहयोग करेंगे। मित्रों तथा रिश्तेदारों की सहायता कर पाएंगे। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। कार्यसिद्धि होगी। उत्साह व प्रसन्नता में वृद्धि होगी। समय की अनुकूलता का लाभ लें।

**वृश्चिक**

किसी प्रभावशाली व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। सावधानी आवश्यक है। व्ययवृद्धि होगी। घर-बाहर प्रसन्नता का वातावरण रहेगा।

**धनु**

किसी प्रभावशाली व्यक्ति के सहयोग से भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। नवीन वस्त्राभूषण पर व्यय हो सकता है। घर-बाहर सभी ओर से सहयोग प्राप्त होगा। मित्रों के साथ मनोरंजन का कार्यक्रम बन सकता है।

**मकर**

घर में मेहमानों का आगमन होगा। अच्छी खबर प्राप्त होगी। प्रसन्नता व उत्साह में वृद्धि होगी। छोटी-मोटी यात्रा हो सकती है। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें।

**कुंभ**

डूबी हुई रकम प्राप्ति के योग हैं। भाग्य की अनुकूलता रहेगी। किसी लंबी मनोरंजक यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। जीवनसाथी का सहयोग प्रसन्नता में वृद्धि करेगा। परिवार में मेलजोल बढ़ेगा। जल्दबाजी न करें।

**मीन**

कोई बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक स्थिति डांवाडोल हो सकती है। दूसरों से अपेक्षा न करें। विवेक से कार्य करें। समस्या दूर होगी। धनहानि की आशंका है। मित्रों के सहयोग से चिंता में कमी होगी।

# बलौदाबाजार में होगा अत्याधुनिक शैक्षिक सुविधा से लैस नालंदा परिसर का निर्माण

## मंत्री टंक राम वर्मा ने नालंदा परिसर, मल्टी परपस हॉल व फायर स्टेशन स्थल का किया चयन



### राजस्व मंत्री ने शहर के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण कर अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर प्रदेश के सभी जिलों में नालंदा परिसर का निर्माण किया जा रहा है। अत्याधुनिक शैक्षिक सुविधा से लैस नालंदा परिसर का निर्माण उन विद्यार्थियों के लिए लाभदायक होगा जो छोटे शहरों में रहकर उच्च शिक्षण संस्थानों में पढ़ाई करना चाहते हैं या फिर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। यह परिसर अपनी विश्वस्तरीय लाइब्रेरी और स्मार्ट स्टडी जोन के लिए प्रसिद्ध है। यहां सातों दिन 24 घंटा वाईफाई और हाई-स्पीड इंटरनेट सुविधा मिलती है। यह परिसर सिविल सर्विसेज, मेडिकल, इंजीनियरिंग, छ्ख्ख़ और मैथ्स ओलंपियाड जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए संसाधन और मार्गदर्शन प्रदान करता है।

राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने जिला मुख्यालय बलौदाबाजार में करोड़ों की लागत से तैयार हो रहे महत्वपूर्ण विकास कार्यों का निरीक्षण कर स्थल भ्रमण किया। उन्होंने निर्माण हेतु उपयुक्त स्थल सहित अन्य जरुरी निर्देश अधिकारियों को दिये। इस दौरान कलेक्टर दीपक सोनी, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, भारत स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी भी साथ थे।



जिला मुख्यालय में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु युवाओं के लिए नालंदा परिसर का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए मंत्री वर्मा ने शहर के वार्ड क्रमांक-20 स्थित 29 क्वार्टर् के पास के स्थान को उपयुक्त मानते हुए स्थल निर्धारित किया। यहां राजधानी रायपुर की तर्ज पर 4 करोड़ रूपए से अधिक की लागत से नालंदा परिसर का निर्माण होगा। परिसर में 250 सीटर लाइब्रेरी के साथ इंटरनेट सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं मिलेंगी।

इसी तरह खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा 15 करोड़ रूपए से अधिक की लागत से बनने वाले मल्टी परपज हॉल निर्माण हेतु आउट डोर स्टेडियम ग्राउंड के पीछे खाली जमीन को चिन्हांकित किया गया। वहीं स्टेडियम ग्राउंड में 9 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाले एथलेटिक्स ट्रैक का भी जायजा लिया। राजस्व मंत्री ने यहां जमीन के एक किनारे स्थित मुक्तिधाम के लिए शेड निर्माण हेतु प्रस्ताव तैयार करने नगर पालिका अधिकारी को निर्देशित किया।

राजस्व मंत्री ने फायर स्टेशन निर्माण हेतु शाश्वत स्कूल के पास खाली जमीन का भी मुआयना किया और फायर स्टेशन के लिए स्थल चिन्हांकन किया। वर्तमान में फायर स्टेशन सकरी में है जो शहर से करीब 4 किलोमीटर दूर है। दूर होने के कारण फायर ब्रिगेड को पहुंचने में देर हो जाती है जिससे शहर में किसी दुर्घटना या आपातकालीन स्थिति से निपटने में तत्काल सुविधा मिलने में दिक्कत होती है, अब जो फायर स्टेशन के लिए स्थल चिन्हांकित की गयी है वह शहर के मध्य स्थित है, जिससे किसी भी दुर्घटना या आपातकाल से निपटने में आसानी होगी।

# लक्ष्मी राजवाड़े के प्रयासों से विकास कार्यों को मिली रफ्तार

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**



महिला एवं बाल विकास मंत्री और भटगांव विधानसभा की विधायक श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के प्रयासों से क्षेत्र में आधारभूत संरचनाओं के विकास के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 20 करोड़ 56 लाख 55 हजार रूपए की मंजूरी दी गई है। इन कार्यों में एन.एच. 43 से नया कृष्ण मंदिर सिलफिली बनारस रोड तक 5 किलोमीटर लंबे पहुँचमार्ग का निर्माण कार्य, जिसकी लागत 690.68 लाख रूपये है। इसी प्रकार एन.एच. 43 से मायापारा दुर्गाबाड़ी होते हुए रविंद्र नगर (नवापारा) तक 4 किलोमीटर का पहुँच मार्ग 448.95 लाख रूपए की लागत से तैयार किया जाएगा। बीरमताल से उमेशपुर के बीच गोबरी नदी पर पुलिया निर्माण कार्य हेतु 307.19 लाख रूपये की स्वीकृति दी गई है। सूरजपुर के कुप्पा जमघरपारा से चौकीदार पारा नवापारा गिरहूलपारा तक 6.10 किलोमीटर तक पहुंचमार्ग 593.73 लाख रूपए की स्वीकृति दी गई है। इन निर्माण कार्यों के पूरा होने से न सिर्फ क्षेत्र में यातायात सुविधा बेहतर होगी, बल्कि ग्रामीणों को सुगम आवागमन के साथ ही आर्थिक गतिविधियों को भी बल मिलेगा।

# कांग्रेस नेता बृजमोहन सिंह गिरफ्तार, पीएम मोदी पर सोशल मीडिया में की अभद्र टिप्पणी

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )** सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करना कांग्रेस नेता को भारी पड़ गया। फेसबुक पर की गई विवादित पोस्ट के चलते पुलिस ने कांग्रेस नेता बृजमोहन सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। मामला 10 मई का है, जब बृजमोहन सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर और पीएम मोदी को लेकर फेसबुक पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इस पोस्ट से आहत होकर बीजेपी कार्यकर्ता दुर्ग जिले के भिलाई के वैशाली नगर थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई।



शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर देर रात बृजमोहन सिंह को हिरासत में ले लिया। उनकी गिरफ्तारी की खबर मिलते ही कांग्रेस नेताओं में आक्रोश फैल गया। भिलाई के जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता थाने पहुंचे और गिरफ्तारी का विरोध किया। मौके पर पूर्व विधायक अरुण वोरा भी पहुंचे और पुलिस से चर्चा की।

पुलिस ने बृजमोहन सिंह के खिलाफ सोशल मीडिया में की गई टिप्पणी को गंभीरता से लेते हुए गैर-जमानती धाराओं के तहत कार्रवाई की है। फिलहाल बृजमोहन सिंह पुलिस हिरासत में हैं और मामले की जांच जारी है।

## नगर निगम में अजा अजजा कल्याण विभाग सलाहकार समिति की बैठक

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**

नगर पालिक निगम रायपुर के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग की सलाहकार समिति की बैठक दिनांक 6 जून 2025 शुक्रवार को दोपहर 3 बजे महात्मा गाँधी सदन के तृतीय तल सभाकक्ष में विभाग की हियाल की अध्यक्षता में रखी गयी है. बैठक में सलाहकार समिति सदस्य पार्षद सर्वभगतराम हरवंश, श्रीमती रामहिन कुर्रे, कैलाश बेहरा, महेश कुमार ध्रुव, श्रीमती रोनिता प्रकाश जगत, श्रीमती जयनायक, मनोज जांगड़े, विनय प्रताप सिंह ध्रुव,डॉक्टर मनमोहन मनहरे विभागीय सलाहकार समिति की बैठक में उपस्थित रहेंगे.

# टीम प्रहरी निगम नगर निवेश ने बिलासपुर मार्ग को कब्जामुक्त करवाया

## जोन 10 ने पचपेडी नाका में 10 हजार रू. सडक बाधा शुल्क वसूला 0

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**

जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार और नगरपालिक निगम रायपुर के आयुक्त विश्वदीप और जिला वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर लाल उम्मेद सिंह के निर्देशानुसार एवं नगर निगम अपर आयुक्त पंकज के. शर्मा, उपायुक्त डॉ. अंजलि शर्मा, नगर निवेशक आभाष मिश्रा, सभी जोन कमिश्नरों, कार्यपालन अभियंताओं के मार्गनिर्देशन में टीम प्रहरी द्वारा नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत सभी जोनों के नगर निवेश विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में राजधानी शहर रायपुर नगर निगम क्षेत्र में जनहित में जनसुविधा हेतु मुख्य मार्गों एवं बाजार क्षेत्रो में अभियान चलाकर यातायात पुलिस बल की उपस्थिति में अतिक्रमण एवं अवैध कब्जे हटाकर सडक यातायात सुगम और सुव्यवस्थित बनाने कार्यवाही जारी है।

इस क्रम में आज टीम प्रहरी के अभियान के अंतर्गत नगर निगम मुख्यालय नगर निवेश उड़न दस्ता की टीम और जोन 8 नगर निवेश विभाग की टीम ने संयुक्त अभियान चलाते हुए जोन 8 जोन कमिश्नर श्रीमती राजेश्वरी पटेल के निर्देश पर उपअभियंता नगर निवेश लोचन चौहान की उपस्थिति में जोन 8 क्षेत्र में टाटीबंध चौक एवं उसके आस पास और वार्ड कमांक 70 संत रविदास वार्ड में चंदनीडीह मुख्य मार्ग में अभियान चलाकर अवैध ठेलो गुमटियों को हटाकर सुगम और सुव्यवस्थित यातायात कायम कर नागरिको को त्वरित राहत दिलवायी। वहीं नगर निवेश मुख्यालय उडनदस्ता और जोन 1 नगर निवेश विभाग की टीम ने जोन 1 जोन कमिश्नर डॉ. दिव्या चंद्रवंशी के निर्देश पर उपअभियंता नगर निवेश सागर ठाकुर की उपस्थिति में जोन 1 क्षेत्र गोगांव में शासकीय भूमि पर कब्जा करके लगाये गये ठेलो गुमटियों को जेसीबी मशीन की सहायता से हटाकर शासकीय भूमि कब्जा मुक्त करते हुए यातायात सुगम और सुव्यवस्थित बनाया। जोन 10 नगर निवेश विभाग द्वारा पचपेडी नाका में 10 हजार रू. सडक बाघा शुल्क वसूलने की कार्यवाही जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे के निर्देश पर नगर निवेश उपअभियंता रविप्रभात साहू की उपस्थिति में की गई एवं अभियान चलाकर मुख्य मार्ग पचपेडी नाका और आस पास ठेले गुमटी हटाकर मार्ग को सुगम व रमेश जायसवाल के निर्देश पर उपअभियंता अक्षय भारद्वाज की उपस्थिति में पंडरी मुख्य मार्ग में अवैध ठेले गुमटियां हटाकर मार्ग को अवैध कब्जो से मुक्त किया गया।





### जोन 1 ने गोगांव शासकीय भूमि में लगी ठेला गुमटियों को हटाया

# विधायक पुरंदर मिश्रा ने सामुदायिक भवन का निर्माण एमआईसी सदस्यों, जोन अध्यक्ष, पार्षदों सहित भूमिपूजन कर प्रारंभ करवाया



## उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने जोन 3 के वार्ड 31 में खहारडीह थाना के समीप महाप्रभु जगन्नाथ जी की मौसी जी माता गुंडीचा का घर बनाने नये सामुदायिक भवन का निर्माण एमआईसी सदस्यों, जोन अध्यक्ष, पार्षदों सहित भूमिपूजन कर प्रारंभ करवाया वृंदावन कालोनी में नये सामुदायिक भवन एवं रंगमंच निर्माण हेतु किया भूमिपूजन

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**

रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नगर पालिक निगम रायपुर जोन क्रमांक 3 के तहत नेताजी सुभाषचंद्र बोस वार्ड क्रमांक 31 के क्षेत्र खम्हारडीह पुलिस थाना के समीप महाप्रभु जगन्नाथ स्वामी की मौसी जी माता गुण्डीचा का घर बनाने विधायक निधि मद से 24 लाख रू. की स्वीकृत लागत से नये सामुदायिक भवन का निर्माण एवं विकास कार्य श्रीफल फोडकर और कुदाल चलाकर नगर निगम लोक कर्म विभाग अध्यक्ष दीपक जायसवाल, जोन 3 अध्यक्ष श्रीमती साधना प्रमोद साहू, जलकार्य विभाग अध्यक्ष संतोष सीमा साहू, नेताजी सुभाषचंद्र बोस वार्ड पार्षद श्रीमती पुष्पा रोहित साहू, वार्ड पार्षद श्रीमती कृतिका जैन, सर्वप्रदीप वर्मा, राजेश कुमार गुप्ता, कैलाश बेहरा, महेष कुमार ध्रुव, उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा के गुरू जी पंडित छगन लाल तिवारी, पूर्व एल्डरमेन कमल हरपाल, सामाजिक कार्यकर्ता सोनू सलूजा, जोन 3 जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल, कार्यपालन अभियंता सुशील मोडेस्टस, सहायक अभियंता नरेश कुमार साहू, उप अभियंता अक्षय भारद्वाज, रंजीत बारवा, सुत्रह्यु सहित बडी संख्या में गणमान्यजनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, महिलाओं, नवयुवको, आमजनो की उपस्थिति के मध्य भूमिपूजन करते हुए कार्यारंभ किया। रायपुर उत्तर विधायक ने उत्तर विधानसभा क्षेत्र में नगर निगम जोन 3 के नेताजी सुभाषचंद्र बोस वार्ड अंतर्गत वृंदावन कालोनी में 5 लाख की लागत से नया सामुदायिक भवन और 5 लाख की लागत से रंगमंच निर्माण हेतु भूमिपूजन करके कार्यारंभ कराया।

रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने जोन 3 जोन कमिष्नर रमेष जायसवाल को महाप्रभु जगन्नाथ जी की मौसी जी माता गुण्डीचा का घर बनाने नया सामुदायिक भवन तैयार करने का कार्य जोन स्तर पर सतत मॉनिटरिंग करते हुए उच्च स्तरीय गुणवत्ता सहित प्राथमिकता के साथ दिसम्बर 2025 तक शत - प्रतिशत पूर्ण करवाने के निर्देश दिये, ताकि वर्ष 2026 के रथ यात्रा महापर्व में महाप्रभु जगन्नाथ जी अपने गायत्री नगर धाम से पौराणिक परंपरा अनुसार निकलकर अपनी मौसी जी माता गुण्डीचा के निवास में पहुंचकर विश्राम कर समस्त भक्तजनों, आम जनता पर कृपा रायपुर शहर में बरसायें। उत्तर विधायक ने कहा कि वर्ष 2003 के बाद से महाप्रभु जगन्नाथ जी की मौसी जी माता गुण्डीचा का घर बनाने प्रयास सतत जारी रहा। तत्कालीन मुख्यमंत्री और वर्तमान छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के निर्देश पर राज्य शासन द्वारा इस हेतु भूमि का आबंटन किया गया। उसके बाद आज उक्त सामुदायिक भवन निर्माण हेतु कार्य का प्रारंभ किया गया है। इस हेतु उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने मंच में अपने गुरूजी पंडित छगन लाल तिवारी का दुपट्टा प्रदत्त कर सम्मान करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया। वधायक पुरंदर मिश्रा के गुरूजी पंडित छगन लाल तिवारी ने सभी नागरिको को महाप्रभु जगन्नाथ जी की मौसी जी माता गुण्डीचा का घर बनाने नये सामुदायिक भवन का निर्माण प्रारंभ होने पर हार्दिक बधाईयां दी ।

# विकास उपाध्याय ने असम में आये बाढ़ के पीड़ितों से की मुलाकात



**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**

छत्तीसगढ़ के पूर्व विधायक एवं असम प्रभारी विकास उपाध्याय ने बताया कि आज असम प्रदेश के लखीमपुर जिले में नाओबोईचा विधानसभा के आमटोला गांव जहाँ पर बाढ़ आने से सैंकड़ों लोगों का घर प्रभावित हुआ, आज वहाँ कांग्रेस के नेताओं के साथ असम प्रभारी विकास उपाध्याय ने दौरा किया और वहाँ के लोगों को वहाँ की स्थिति को समझने का प्रयास किया। विकास उपाध्याय ने कहा कि जिस समय कांग्रेस की केन्द्र में सरकार थी पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह जी ने 400 करोड़ का पैकेज असम में बाढ़ पीड़ितों के लिए दिया था, ताकि कैसे इन बाढ़ पीड़ितों को बाढ़ से राहत मिले और बाढ़ का पानी गांव तक नहीं आये, लेकिन भारतीय जनता पार्टी की 08 साल की सरकार ने ये सब ध्वस्त कर दिया और भ्रष्टाचार करके लगातार असम प्रदेश की जनता के साथ धोखा करते आ रही है, और जिस प्रकार असम की जनता ने सरकार के ऊपर भरोसा किया, विश्वास किया, उसके ठीक विपरीत भारतीय जनता पार्टी के मुख्यमंत्री ने यहाँ सिर्फ और सिर्फ भ्रष्टाचार किया है। यहाँ लोग अस्त-व्यस्त हो चुके हैं लोग अपने घरों को छोड़कर, अपने परिवार को एवं अपने पालतू पशुओं को साथ में लेकर सड़क पर तंबू तानकर रहने को मजबूर हो गए हैं यह स्थिति बहुत भयावह नजर आ रही है यहाँ लोगों को खाना तक नहीं मिल पा रहा है इनके छोटे-छोटे बच्चे हैं, यहाँ स्कूल प्रभावित हो गया है, अस्पताल प्रभावित हो चुके हैं। आज लखीमपुर जिले के नाओबोईचा विधानसभा के आमटोला गांव में कांग्रेस के नेताओं के साथ दौरा किया और बाढ़ पीड़ितों तक राहत पहुँचाने का कार्य भी किया। विकास उपाध्याय ने कहा कि कांग्रेस पार्टी लगातार बाढ़ पीड़ितों की सेवा में लगी हुई है एवं हर संभव मदद कर रही है और राशन भी दे रही हैं तथा चिकित्सा जैसी तमाम सुविधाएँ भी उपलब्ध करा रही हैं।

# महापौर चौबे के निर्देश नाले के तले तक की लद्दी निकालकर सफाई करवाई, निकास सुगम बनाया

## महापौर चौबे के निर्देश पर निगम जोन 6 ने संतोषी नगर चौक से पचपेड़ीनाका चौक नाले पर बने लगभग 30 अवैध पाटों को जेसीबी मशीन लगाकर तोड़ा और नाले के तले तक की लद्दी निकालकर सफाई करवाई, निकास सुगम बनाया

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**

आज नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे, जोन 6 जोन अध्यक्ष बद्री प्रसाद गुप्ता, आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर बारिश पूर्व नाले की सफाई की बाधा हटाकर सफाई अभियानपूर्वक नगर निगम जोन 6 के नगर निवेश विभाग और स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त अभियान के अंतर्गत करवाई गयी. अभियान के दौरान नगर निगम जोन 6 जोन कमिश्नर हितेन्द्र यादव, कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा, उप अभियंता हिमांशु चंद्राकर, राहुल थारानी, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अदिव्य हजारी एवं अन्य सम्बंधित जोन 6 अधिकारियों की स्थल पर उपस्थिति रही. नगर निगम जोन 6 के क्षेत्र के अंतर्गत संतोषी नगर चौक से लेकर पचपेड़ीनाका चौक मार्बल लाईन तक नाले के ऊपर कब्जा जमाकर बनाये गए लगभग 30 से अधिक बड़े आकार के अवैध पाटों को एक सिरे से दूसरे सिरे तक अभियान चलाकर जेसीबी मशीन की सहायता से तोड़कर नाले पर की सफाई की बाधाओं को हटाया गया और जेसीबी मशीन की सहायता से अवैध पाटों के कब्जों से मुक्त मुख्य मार्ग के बड़े नाले में तले तक से लद्दी निकालकर बारिश पूर्व बड़े नाले की संतोषी नगर चौक से पचपेड़ीनाका चौक मार्बल लाईन तक सफाई करवाकर भारी मात्रा में गन्दगी और कचरा नाले से बाहर निकालकर जोन 6 स्वास्थ्य विभाग की टीम ने तत्काल कचरा परिवहन करवाकर जनहित में जनस्वास्थ्य सुरक्षा की दृष्टि से बारिश पूर्व मुख्य मार्ग के बड़े नाले की निकास सुगम बनाया गया. बड़े नाले पर बनाये गए अवैध पाटों के कारण से मुख्यमार्ग के बड़े नाले की सफाई में बाधाएं आ रही थीं, जिन्हे वहाँ बाधा हटाकर पाटों को तोड़कर सफाई करवाकर गन्दे पानी की निकासी सुगम बनाई गयी.

## उद्योग एवं श्रम मंत्री विश्व पर्यावरण दिवस पर मुंगेली जिले के कोतरी में आयोजित कार्यक्रम में होंगे शामिल

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**

प्रदेश के उद्योग एवं श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गुरूवार 5 जून को दोपहर 12 बजे मुंगेली जिले के विकासखंड लोरमी के गांव कोतरी में डीएव्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल परिसर में वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा आयोजित विश्व पर्यावरण दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे। तत्पश्चात मंत्री श्री देवांगन 2 बजे कोरबा जिले के लिए रवाना होंगे

## जंगल सफारी में होगा प्लास्टिक मुक्त भारत के लिए जागरूकता कार्यक्रम

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राजधानी स्थित नंदनवन जंगल सफारी नवा रायपुर में पर्यावरण संरक्षण को लेकर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर 'प्लास्टिक मुक्त भारत' के संकल्प पर आधारित जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्लास्टिक मुक्त जागरूकता वॉक, वृक्षारोपण और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता जैसे अनेक जागरूकता कार्यक्रमों में पर्यावरण प्रेमी, स्कूली बच्चे, समाजसेवी संगठन और स्थानीय नागरिक हिस्सा ले सकते हैं। विजेता प्रतिभागियों को जंगल सफारी नंदनवन टीम की ओर किए जाएंगे। नंदनवन टीम के प्रतिनिधियों ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि लोगों में दीर्घकालिक जागरूकता और पर्यावरणीय जिम्मेदारी की भावना को जगाना है। इस आयोजन से न केवल बच्चों और युवाओं को प्रकृति से जोड़ने का कार्य किया जाएगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के लिए स्वच्छ, हरित और प्लास्टिक मुक्त भविष्य की दिशा में एक सकारात्मक संदेश भी मिलेगा।

## छत्तीसगढ़ के दिव्यांग बच्चों को हर वो सुविधा और सुरक्षा मिलनी चाहिए

# सचिव आबिदी की अध्यक्षता में पॉक्सो एक्ट पर प्रभावी कार्यवाही पर बैठक सम्पन्न

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**

रायपुर,छत्तीसगढ़ राज्य में दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के तहत दिव्यांग बच्चों के अधिकारों के संरक्षण एवं सशक्तिकरण तथा पॉक्सो एक्ट के व्यापक प्रचार-प्रसार और प्रभावी अनुपालन को लेकर श्रीमती शम्मी आबिदी की अध्यक्षता में महानदी भवन मंत्रालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में महिला एवं बाल विकास के संचालकपदुम सिंह एल्मा, शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, पुलिस, शहरी प्रशासन, और न्याय विभाग सहित कई विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।



सचिव श्रीमती आबिदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ के दिव्यांग बच्चों को हर वो सुविधा और सुरक्षा मिलनी चाहिए जो किसी सामान्य बच्चे को प्राप्त है। दिव्यांग बच्चों को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और समावेशन सभी क्षेत्रों में ठोस कदम उठाने होंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि समावेशी शिक्षा व्यवस्था को मजबूती दी जाए, विशेष शिक्षकों की नियुक्ति हो और आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा चिन्हांकित दिव्यांग बच्चों के लिए पुनर्वास एवं परामर्श सेवाएं सुनिश्चित की जाएं।सभी सरकारी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों को दिव्यांग अनुकूल बनाया जाए। जिला बाल संरक्षण इकाइयों को सक्रिय कर दिव्यांग बच्चों की नियमित निगरानी की जाए।

सचिव श्रीमती आबिदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ के दिव्यांग बच्चों को हर वो सुविधा और सुरक्षा मिलनी चाहिए जो किसी सामान्य बच्चे को प्राप्त है। दिव्यांग बच्चों को समाज की कदम उठाने होंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि समावेशी शिक्षा व्यवस्था को मजबूती दी जाए, विशेष शिक्षकों की नियुक्ति हो और आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

### पॉक्सो एट पर जागरूकता अभियान की तैयारी

बैठक में सचिव ने कहा कि बाल यौन उत्पीड़न के मामलों की रोकथाम के लिए पॉक्सो एक्ट की जानकारी हर स्तर पर आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिए कि स्कूलों, आश्रमों, आंगनबाड़ी केंद्रों एवं किशोर गृहों में पॉक्सो एक्ट की जानकारी देने हेतु विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाए।शिक्षकों, देखभालकर्ताओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और पंचायत प्रतिनिधियों को पॉक्सो कानून की कार्यवाही प्रक्रिया पर प्रशिक्षण दिया जाए।सभी जिलों में नवाचार के माध्यम से बच्चों के लिए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में सभी विभागों को समन्वय से कार्य करने और निर्धारित समय-सीमा में कार्ययोजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

# गन्दगी फैलाने और सिंगल यूज प्लास्टिक मिलने पर 13 दुकानों से 3100 रूपये जुर्माना वसूला

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**

नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री विश्वदीप के आदेशानुसार और अपर आयुक्त श्री राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर तृप्ति पाणीग्रही, जोन 2 जोन कमिश्नर डॉक्टर आर. के. डोंगरे के निर्देश पर आज नगर निगम जोन 2 की स्वास्थ्य विभाग टीम द्वारा जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री रवि लावनिया की उपस्थिति में जोन 2 अंतर्गत बाजार क्षेत्र में दुकानों की स्वच्छता का निरीक्षण किया और 13 दुकानों में निरीक्षण के दौरान गन्दगी मिलने और सिंगल यूज प्लास्टिक मिलने पर कुल 3100 रूपये सम्बंधित दुकान संचालकों को भविष्य के लिए कड़ी चेतावनी देते हुए वसूलने की कार्यवाही की और इस सम्बन्ध में नगर निगम स्वास्थ्य विभाग को प्राप्त जनशिकायत का त्वरित निदान किया

# मां बनने के लिए मौत से लड़ीं थीं दीया मिर्जा

## एक्ट्रेस ने बताया प्रेग्नेंसी का अनुभव, नर्सों ने बच्चे को छूने से किया था मना



बॉलीवुड एक्ट्रेस दीया मिर्जा ने हाल ही में अपने मां बनने के अनुभव को शेयर किया। उन्होंने बताया कि जब वह प्रेग्नेंट थीं, तब उनकी और उनके बेटे की जान खतरे में थी। दीया ने 39 साल की उम्र में बेटे अव्यान आजाद रेखी को जन्म दिया, लेकिन ये सफर आसान नहीं था। प्रेग्नेंसी के पांचवें महीने में दीया की अपेंडिक्स की सर्जरी हुई। इसके बाद उन्हें एक खतरनाक बैक्टीरियल इन्फेक्शन हो गया।



### गर्भावस्था के दौरान हुआ इन्फेक्शन और खतरे की घड़ी

यूट्यूब चैनल ऑफिशियल पीपल ऑफ इंडिया के साथ बातचीत में दीया ने बताया, मेरे प्रेग्नेंसी के पांचवें महीने में मेरी अपेंडिक्स की सर्जरी हुई थी। हो सकता है उसी के कारण मुझे एक तेज बैक्टीरियल इन्फेक्शन हो गया। छठे महीने के आखिर में हमें पता चला कि मेरा प्लैसेंटा हेमरेज कर रहा है और मेरे शरीर में सैप्सिज फैल रहा है। अगर उस समय बच्चे को जन्म न दिया जाता, तो मैं और बच्चा, दोनों नहीं बचते। वो वक्त बहुत डरावना था।

### सिर्फ बेटे को बचाने की गुजारिश की थी

जब दिया को अस्पताल ले जाया गया, तो उन्होंने डॉक्टर से कहा कि वह सिर्फ उनके बेटे को बचा लें, लेकिन उनके गायनेकोलॉजिस्ट ने उन्हें भरोसा दिलाया कि दोनों को बचाया जा सकता है। जब अव्यान पैदा हुआ, तब उसका वजन सिर्फ 810 ग्राम था और उसे सीधे ह्ढ्ढष्ट में रखा गया। उस वक्त दिया खुद एंटीबायोटिक इंजेक्शन्स पर थीं।

### पैदा होने के 36 घंटे के अंदर अव्यान की पहली सर्जरी

दीया ने बताया, बच्चे के जन्म के 48 घंटे बाद डॉक्टरों को पता चला कि मेरे शरीर में जो बैक्टीरिया था, वो जानलेवा था। अव्यान को पैदा होने के 36 घंटे के अंदर सर्जरी से गुजरना पड़ा। उसके आंत में छेद था और डॉक्टरों को उसकी आंत शरीर के बाहर लाकर एक स्टोमा लगाना पड़ा।

### बेटे को गोद में लेने तक का लंबा इंतजार

दिया ने बताया, मैं हफ्ते में सिर्फ दो बार अव्यान से मिलने जा सकती थी। मैं उसे तब तक गोद में नहीं ले सकती थी, जब तक उसका वजन 2 .5 किलो नहीं हो गया। जब मैं उसे घर लाई, तो वह सिर्फ 20 दिन मेरे पास रहा। कोई भी नर्स उसे छूने को तैयार नहीं थी क्योंकि यह वास्तव में एक भयानक दृश्य था। इसलिए मैंने ड्रेसिंग की। जब उसका वजन 3 .5 किलोग्राम हो गया, तो उनकी एक और सर्जरी हुई जो 3-4 घंटे तक चली।



### मई 2021 में हुआ अव्यान का जन्म

बता दें कि दिया मिर्जा की शादी 2014 में साहिल संघा से हुई थी, लेकिन 2019 में दोनों अलग हो गए। फिर 2021 में उन्होंने बिजनेसमैन वैभव रेखी से शादी की। यह शादी एक निजी समारोह में हुई थी, जिसमें एक महिला पंडित ने वैदिक विधि से रस्में कराईं। दोनों की मुलाकात लॉकडाउन के दौरान हुई थी। मई 2021 में दिया ने अपने बेटे के जन्म की खबर शेयर की थी। वह समय से पहले जन्मा और दो महीने एनआईसीयू में रहा।

# आउटसाइडर होने के नाते कई फिल्मों में मेरा रोल काटा गया, मेरे लिए चीजें मोड़ी गई : अर्जन बाजवा

लोकप्रिय अभिनेता अर्जन बाजवा यों तो पायलट बनना चाहते थे, मगर उनकी किस्मत उन्हें अभिनय के क्षेत्र में क्या लाई कि यहां वे 20 साल गुजार बैठे। साउथ सिनेमा से अपने करियर का आगाज करने वाले अर्जन फैशन, सन ऑफ सरदार, कबीर सिंह जैसी कई फिल्मों में नजर आए, मगर अब जल्द ही वे एक अंतरराष्ट्रीय फिल्म डेमन हंटर्स में दिखेंगे। इंडस्ट्री में दो दशक गुजार चुके अर्जन भी आउटसाइडर और इनसाइडर के दर्द को झेल चुके हैं।

### आप तो पायलट बनना चाहते थे मगर फिर अभिनय के क्षेत्र में कैसे गए?

ये सच है और आज भी मैं यही सोचता हूं कि अगर मैं 20-25 साल पीछे जा सकता होता, तो वक्त को पलट कर पायलट ही बन जाता। हां, मैं आर्किटेक्ट की पढ़ाई कर रहा था और पायलट बनने का ख्वाब देख रहा था, मगर भगवान को कुछ और मंजूर था, यही वजह थी कि मैं शौकिया मॉडलिंग करने लगा। हालांकि हीरो बनने की ख्वाहिश कभी नहीं थी। बस हॉबी के लिए स्कूल-कॉलेज में नाटक करता था। फिर जब मैं कैमरे का सामना करने लगा, तो मुझमें आत्मविश्वास आया और मैंने सोचा, %क्यों न अभिनय को गंभीरता से लिया जाए?% मैं मुंबई आ गया और यहां कुछ मॉडलिंग की मैंने। उसी दौरान मेरी मुलाकात तेलुगू फिल्म निर्देशक यदि रेड्डी से हुई। मुझे तो तेलुगू आती तक नहीं थी, मगर निर्देशक ने मुझे फिल्म ऑफर की, तब मैंने थोड़ी-बहुत तेलुगू सीखी और कमाल की बात है कि फिल्म बहुत बड़ी हिट भी साबित हो गई। बस यही मेरे करियर का टर्निंग पॉइंट साबित हुआ। जब आपका पहला काम सराहा जाता है, तो आपको लगता है, आप सही राह पर हैं। आज मेरी 26 वीं फिल्म रिलीज हो रहे है, डेमन हंटर्स, जो एक इंटरनैशनल प्रॉजेक्ट है।

### इसके चलते क्या कभी आपकी भूमिका पर प्रभाव पड़ा है?


बिलकुल पड़ा है। जब आप किसी फिल्मी बैकग्राउंड से होते हैं, तो सेट पर चीजें आपके हिसाब से मोड़ी जाती हैं। मेरे साथ तो बहुत बार ऐसा हुआ है। मैं किसी इनसाइडर एक्टर के साथ काम कर रहा था और कई बार मुझे बता कर और कई बार बिना बताए चीजें मोड़ी गईं, कई बार मेरा रोल भी काटा गया। इस तरह की चीजें तो आउटसाइडर को फेस करनी ही पड़ती हैं, मगर मैं यही कहना चाहूंगा कि आखिरकार दर्शक ही भगवान होता है। उसने कई ऐसे एक्टर्स को स्टार बनाया है, जो आउटसाइडर्स ही थे। वो ऑडियंस ही है, जिसने मुझे मेरी 26 वीं फिल्म तक पहुंचाया है।

### आजकल इंडस्ट्री में टॉक्सिक और नेगेटिव माहौल की बातें भी बहुत हो रही हैं, आपको ऐसा कोई अनुभव हुआ है?

मुझे लगता है, टॉक्सिसिटी को एक पंक्ति में समझाना आसान नहीं है। इंडस्ट्री की सबसे बड़ी समस्या है, वो है सम्मान न मिलना। आपको बतौर प्रोफेशनल आपके काम की इज्जत नहीं मिलती। आप कई बार किसी से मिलते हैं और फिर वो आपको मिलने के लिए समय देता है, मगर आप जब उसे फोन करते हैं, तो वो फोन नहीं उठाता। ऐसा 10-15 कॉल्स तक होता रहता है। आप विनम्रता से न मिलने की बात भी कह सकते हैं, मगर आप फोन न उठा कर फोन करने वाले को हीन महसूस करवाते हैं। इसे आप टॉक्सिसिटी कह लीजिए या डिसरेस्पेक्ट, आपको फालतू समझा जाता है। इसे आप अहंकार या अनादर कह सकते हैं। ये चीजें इंडस्ट्री को पीछे खींच रही हैं। पहले ये चीज इतनी ज्यादा नहीं थी, मगर अब बहुत बढ़ गई है। पहले हम सुनते थे कि बड़े -बड़े मेकर्स को कई बार प्रतिभावान कलाकार सड़कों या किसी आम जगह से भी मिल जाते थे, तब फिल्म मेकर आप में एक चमक देखता था, मगर आजकल उस तरह का कोई सीन नहीं है। अब लोग पावर प्ले करते हैं। अब मतलब वाली इक्वेशन हो गई है। अब जब तक किसी को आपसे कोई फायदा या कोई एजेंडा नहीं होगा, वो आपकी स्कीम में फिट नहीं बैठेगा।

### आपके करियर का सबसे मुश्किल दौर क्या था?

सन 2007 की बात है, तब तक मैं कुछ 5-7 फिल्में कर चुका था। मेरे पिता तब दिल्ली के मेयर हुआ करते थे, मगर एक दिन अचानक हादसे में उनका निधन हो गया। वो बहुत ही मुश्किल समय था मेरे लिए। मैं उस वक्त इतना ज्यादा टूट गया था कि मुझे ये तक नहीं पता था कि मैं आगे अभिनय करना जारी रखूंगा या नहीं। मैं बहुत दुखी था, मगर मैं इसे अपने पिता का आशीर्वाद ही समझता हूं कि एक दिन निर्देशक मधुर भंडारकर के ऑफिस से मुझे फोन आया। उन्होंने बताया कि उन लोगों ने मेरी कुछ तस्वीरें देखी हैं और वे मुझसे मिलना चाहते हैं। मैं अवसाद में था, मैंने उनसे साफ-साफ कह दिया कि मैं नहीं जानता कि आगे मैं अभिनय कर पाऊंगा या नहीं। वाकई यह भावनात्मक और शारीरिक रूप से मुझे थका देने वाला था। एक तरफ मैं पीड़ा में लिप्त था और दूसरी ओर करियर का एक सुनहरा मौका था। मैं उलझन में था, मगर मैंने मुंबई आकर खुद को समेटने का फैसला किया।



### पिछले दो दशकों में आपने साउथ सिनेमा के अलावा फैशन से लेकर गुरु, सन ऑफ सरदार, रुस्तम, कबीर सिंह जैसी कई फिल्मों में काम किया, मगर क्या आपको लगता है कि आपको अभी तक अपना ड्यू नहीं मिला? क्या इसकी वजह आप अपना आउटसाइडर होना मानते हैं?

मैं आपकी बात से बिल्कुल सहमत हूं, मुझे भी लगता है कि मुझे अभी तक वो मुकाम नहीं मिला, जिसकी मुझे तलाश रही। इसकी दो -तीन वजहें मानता हूं मैं। एक तो किस्मत, जिस वक्त जो चीजें मुकर्रर होती हैं, वो तभी होती हैं। मगर मैंने कभी हार नहीं मानी। मेरा आउटसाइडर होना उन कई वजहों में से निश्चित रूप से एक है कारण है। आप जब इन इंडस्ट्री से नहीं होते, तो आपको एक पैमाने के भीतर बैठा दिया जाता है और जब आप इंडस्ट्री से होते हैं, तो हर चीज आपको थाली में परोस कर दी जाती है। इनसाइडर होने के नाते, बचपन से ही आपके लिए तैयारी चल रही होती है कि आपका पीआर कैसा होगा? आपका पहनावा क्या रहेगा? आप किस चीज से ब्रेक थ्रू करेंगे? आपको कैसे लॉन्च किया जाएगा? मैं इस बात को कहने से जरा भी गुरेज नहीं करूंगा कि मैंने इनसाइडर और आउटसाइडर वाला दर्द खूब सहा है। यह डिबेट बहुत लाजमी है, क्योंकि ये रियल है।

# रिलीज से पहले हाउसफुल-5 का दबदबा एडवांस बुकिंग से की भारी कमाई




पिछले कुछ दिनों से मनोरंजन जगत में मल्टीस्टारर फिल्म हाउसफुल-5 को लेकर काफी चर्चा हो रही है। लोकप्रिय फ्रेंचाइजी हाउसफुल 2010 में शुरू हुई थी। इस फ्रेंचाइजी के पहले 4 भाग बेहद लोकप्रिय रहे थे। उसके बाद अब फिल्म हाउसफुल-5 दर्शकों के बीच आ रही है। तरुण मनसुखानी के निर्देशने में यह फिल्म 6 जून को सभी जगह रिलीज होगी। इस बीच फिल्म ने रिलीज से सिर्फ 4 दिन पहले ही बॉक्स ऑफिस पर अपना दबदबा बना लिया है। रिलीज से पहले ही फिल्म ने एडवांस बुकिंग से भारी कमाई कर ली है। हाउसफुल-5 की रिलीज में अब कुछ ही दिन बचे हैं और फिल्म ने एडवांस बुकिंग में अच्छी खासी भीड़ जुटा ली है। फिल्म हाउसफुल-5 की एडवांस बुकिंग के पहले दिन 24,238 टिकटें बिकीं, जिससे 87.84 लाख रुपये का कारोबार हुआ। ब्लॉक सीटों को मिलाकर यह आंकड़ा 3.84 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। इसलिए इससे साफ है कि इस फिल्म को लेकर फैंस के मन में कितनी उत्सुकता जगी है। फिल्म हाउसफुल-5 का निर्माण साजिद नाडियाडवाला ने किया है और इसका निर्देशन तरुण मनसुखानी ने किया है। इस फिल्म के टीजर को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) ने यूए 16+ रेटिंग दी है।

इस फिल्म में मजबूत स्टार कास्ट है। इस में अक्षय कुमार में अभिषेक बच्चन, जैकलीन फर्नांडीज, संजय दत्त, नरगिस फाखरी, फरदीन खान, नाना पाटेकर, रितेश देशमुख, श्रेयस तलपड़े और जैकी श्रॉफ शामिल हैं।

# इमरान खान संग तलाक पर अवंतिका मलिक का रिएक्शन

## बोलीं- हमारे बीच दोस्ती का रिश्ता भी नहीं, बस बेटी के लिए साथ आते हैं

एक्टर इमरान खान की एक्स वाइफ अवंतिका मलिक ने हाल ही में एक्टर संग अपने तलाक को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि अलग होने के बाद भी हम दोनों एक-दूसरे का सम्मान करते हैं, लेकिन हमारे बीच दोस्ती जैसा कोई रिश्ता नहीं है।

नयनदीप रक्षित के यूट्यूब चैनल पर बातचीत में अवंतिका ने कहा, 'हम दोनों ने इस रिश्ते में अपना सौ प्रतिशत दिया था। साथ में बहुत अच्छा वक्त भी बिताया। मुझे पता है कि हमने पूरी ईमानदारी और मेहनत से इसे निभाने की कोशिश की। लेकिन जब इसके बावजूद भी अलग रहना ज्यादा सुकून देने लगे और रिश्ता उस मोड़ पर पहुंच जाए जहां पहले जैसा तालमेल न रह जाए तब एक दिन ऐसा भी आता है जब ये कहना ठीक लगता है कि अब मुझे खुद को चुनना है। भले ही हम दोनों बात करते हैं, लेकिन हमारे बीच दोस्ती नहीं है। अवंतिका ने आगे कहा, 'मुझे लगता है कि इमरान और मेरे लिए यह हमेशा स्पष्ट था कि जब बात हमारी बेटी इमारा की होगी, तो हम दोनों अपनी तरफ से पूरी कोशिश करेंगे। इस मामले में हम हमेशा एकसाथ थे। हमारी कोशिश यही है कि उसे हमेशा अपने माता-पिता मिले। वह दोनों के साथ बराबर समय बिताती है। इसलिए मुझे लगता है कि इस मायने में वह जानती है कि उसने किसी को नहीं खोया है। उसके सभी अपने अब भी उसके साथ हैं। हमने बहुत सोच-समझकर यह फैसला किया कि उसे हमारे बीच चल रहे मामलों, जैसे तलाक या वकीलों से जुड़ी बातों के बारे में उसे कुछ न पता चले।

इमरान खान और अवंतिका मलिक बचपन से एक-दूसरे को जानते थे। काफी लंबे समय तक डेटिंग करने के बाद दोनों ने 2011 में शादी कर ली थी। कपल की बेटी का जन्म साल 2014 में हुआ था। लेकिन 2019 में अलग हो गए। फिलहाल, खबरों के मुताबिक इमरान अब लेखा वाशिंगटन को डेट कर रहे हैं।



# आरसीबी आईपीएल के 18 साल के इतिहास में पहली बार चैंपियन बनी



## ● चैंपियन आरसीबी को 20 करोड़ मिले

## ● पंजाब किंग्स को 12.50 करोड़ मिले

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 को नया चैंपियन मिल चुका है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने पंजाब किंग्स को 6 रन से हराते हुए 18वें सीजन का टाइटल जीता। आरसीबी ने पहली बार आईपीएल टाइटल जीता, लेकिन पंजाब के ट्रॉफी जीतने का इंतजार बढ़ गया। खिताब जीतने पर आरसीबी को चमचमाती ट्रॉफी के साथ 20 करोड़ रुपए की विनिंग प्राइज मिली। जबकि रनर-अप पंजाब किंग्स को 12.5 करोड़ रुपए से संतोष करना पड़ा। तीसरे स्थान पर रही मुंबई इंडियंस को 7 और चौथे नंबर की टीम गुजरात टाइटंस को 6.50 करोड़ रुपए मिले। सीजन में सबसे ज्यादा 759 रन बनाने वाले गुजरात के साई सुदर्शन को ऑरेंज कैप दी गई, जबकि सबसे ज्यादा 25 विकेट लेने वाले प्रसिद्ध कृष्णा को पर्पल कैप मिली। 14 साल के वैभव सूर्यवंशी सुपर स्ट्राइकर ऑफ सीजन चुने गए।

### सुदर्शन को 4 अवॉर्ड, 14 साल के वैभव सुपर स्ट्राइकर

सबसे ज्यादा इंडिविजुअल अवॉर्ड गुजरात के ओपनर साई सुदर्शन को मिले। उन्हें ऑरेंज कैप के अलावा, अल्टीमेट फैंटेसी प्लेयर ऑफ द सीजन, इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द सीजन और मोस्ट बाउंड्री (चौके) का अवॉर्ड भी दिया गया। मुंबई के सूर्यकुमार यादव मोस्ट वेल्यूएबल प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे। इनके अलावा, मोस्ट सिक्स हिटर का अवॉर्ड लखनऊ के निकोलस पूरन, ग्रीन डॉट बॉल का अवॉर्ड गुजरात के मोहम्मद सिराज और बेस्ट कैच का अवॉर्ड हैदराबाद के कमिंदु मेंडिस को दिया गया।

### मैं सिचुएशन को समझकर खेलता हूं : क्रुणाल पंड्या

प्लेयर ऑफ द फाइनल क्रुणाल पंड्या ने कहा, जब हमने बल्लेबाजी की, तब हमें लगा कि जितना धीमा डालो, उतना फायदेमंद है। इस फॉर्मेट में ऐसा करने के लिए हिम्मत चाहिए होती है। मैंने खुद पर भरोसा किया, सोचा कि अपनी स्पीड बदलूंगा और ज्यादातर गेंदें धीमी रखूंगा। मेरी सबसे बड़ी ताकत यही रही है कि मैं सिचुएशन को समझकर खेलता हूं। मुझे पता था कि विकेट लेने के लिए आज हिम्मत दिखानी होगी, और वो मैं धीमी गेंदबाजी से कर सकता हूं। अगर तेज डालते तो ये पिच बल्लेबाजों के लिए अच्छी हो जाती, लेकिन मिक्स करके डालना उनके लिए मुश्किलें खड़ी कर देता है। दूसरी पारी में पिच थोड़ी आसान हो गई थी। आरसीबी के साथ अब तक का सफर बहुत अच्छा रहा है। पहले दिन ही मैंने कहा था कि ट्रॉफी जीतनी है। मैंने हार्दिक से भी कहा था कि पंड्या परिवार के पास अब 11 साल में 9 ट्रॉफी होंगी।

## दिल-आत्मा बैंगलोर के साथ अब चैन से सो पाऊंगा : कोहली

मेरा दिल और आत्मा बैंगलोर के साथ हैं और जब तक आईपीएल खेलूंगा, सिर्फ इसी टीम के लिए खेलूंगा। आईपीएल एक बहुत ही हाई लेवल, हाई इंटेंसिटी टूर्नामेंट है। मैं हमेशा बड़ी ट्रॉफी जीतना चाहता था और यही एक अधूरी ट्रॉफी थी। आज रात मैं चैन से सो पाऊंगा।करियर का अंत एक दिन आना ही है: मुझे ये खेल खेलने का मौका ज्यादा समय तक नहीं मिलेगा। करियर का अंत एक दिन आना ही है, जब मैं रिटायर हो जाऊं, तो मैं खुद से बस यही कहना चाहूंगा कि मैंने सबकुछ दे दिया। मैं हमेशा सुधार की कोशिश करता हूं। मैं सिर्फ इम्पैक्ट प्लेयर बनकर नहीं खेल सकता, मुझे पूरे 20 ओवर फील्डिंग करनी होती है, टीम के लिए कुछ खास करना होता है। अगर पूछा जाए कि ये मेरे करियर का कितना बड़ा पल है, तो ये सबसे ऊपर है। जैसा मैंने कहा, मैंने 18 साल इस टीम को दिए, हमेशा इसके साथ जुड़ा रहा, कभी नहीं छोड़ा। कई बार लगा कि कुछ और सोचूं, लेकिन मैंने इस टीम का साथ नहीं छोड़ा और इसने भी मेरा साथ दिया। हमेशा सपना देखा था कि इसी टीम के साथ जीतूं, इसलिए ये जीत किसी और टीम के साथ जीतने से कहीं ज्यादा खास है।भगवान ने मुझे टैलेंट और नजरिया दिया है। इस सीजन में हमारी टीम, मैनेजमेंट और खिलाड़ी शानदार रहे। ऑक्शन के बाद बहुत सवाल उठे थे, लेकिन हम पहले दिन से खुश थे। हमने अपनी टीम पर भरोसा रखा और मैं पूरी टीम को सलाम करना चाहता हूं। ये जीत सिर्फ मेरी नहीं, बल्कि हर खिलाड़ी, फैमिली और सपोर्ट स्टाफ की है। मैनेजमेंट ने हमेशा हमें पॉजिटिव बनाए रखा, खासकर जब मुश्किल समय था। ये जीत पूरे बैंगलोर की है।

ये पल मेरे करियर के सबसे यादगार पलों में से एक है, लेकिन फिर भी टेस्ट क्रिकेट के मुकाबले पांच पायदान नीचे है। मैं टेस्ट क्रिकेट को बहुत ज्यादा मानता हूं और उससे प्यार करता हूं। मैं सभी युवाओं से कहना चाहूंगा कि टेस्ट क्रिकेट का सम्मान करें। अगर आप टेस्ट क्रिकेट में अच्छा करते हैं, तो दुनिया के किसी भी कोने में लोग आपकी आंखों में आंखें डालकर कहेंगे तुमने खेल को सही तरीके से खेला। अगर आप क्रिकेट की दुनिया में असली इज्जत चाहते हैं, तो टेस्ट क्रिकेट को दिल से अपनाइए।

IPL 2025

### प्राइज मनी

₹46.5 करोड़



चैंपियन: RCB, ₹20 करोड़



रनरअप: PBKS, ₹12.5 करोड़



3rd प्लेस : MI, ₹7 करोड़



4th प्लेस: GT, ₹6.5 करोड़



फेयर प्ले: CSK, ₹10 लाख

### ई साला कप नामदू : रजत पाटीदार

आईपीएल के इतिहास में आरसीबी के लिए आखिर वह पल आ ही गया, जिसका टीम और फैंस 18 साल से इंतजार कर रहे थे। आईपीएल 2025 के फाइनल में पंजाब किंग्स को 6 रन से हराकर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पहली बार खिताब पर कब्जा जमाया है। जैसे ही जय शाह और रोजर बिन्नी ने आईपीएल ट्रॉफी रजत पाटीदार को सौंपी तो उनकी खुशी देखते ही बन रही थी। पाटीदार ने उठाने के बाद साथी खिलाड़ियों को दी और फिर सभी ने जमकर जश्न मनाया। मैच के बाद आरसीबी के कप्तान पाटीदार ने कहा कि मैं फैंस के लिए बस एक लाइन कहना चाहता हूं – ई साला कप नामदू। आखिर इस वाक्य का क्या मतलब है। आइये आपको भी बताते हैं। मैच के बाद आरसीबी कप्तान रजत पाटीदार ने कहा कि मुझे लगता है कि यह मेरे लिए और विराट कोहली और उन सभी फैंस के लिए बहुत खास है, जिन्होंने वर्षों से हमारा सपोर्ट किया है। वे इसके हकदार हैं। क्वालीफायर 1 के बाद हमें लगा कि हम ऐसा कर सकते हैं। मुझे लगता है कि इस ट्रैक पर 190 का स्कोर अच्छा था, क्योंकि यह थोड़ा धीमा था। जिस तरह से गेंदबाजों ने अपनी योजनाओं को अंजाम दिया वह देखने लायक था। रजत ने क्रुणाल पंड्या की तारीफ करते हुए कहा कि वह विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। जब भी मैं दबाव में आता हूं तो मैं केपी की ओर देखता हूं। सुयश ने भी पूरे सीजन में बहुत अच्छी गेंदबाजी की और सभी तेज गेंदबाज भुवी, यश, हेजलवुड और जिस तरह से रोमारियो ने 2–3 ओवर किए और सफलता हासिल की, वह खास थी। पाटीदार ने आगे कहा कि मेरे लिए उनके नेतृत्व में कप्तानी करना एक शानदार अवसर था और यह मेरे लिए एक बड़ी सीख थी। जैसा कि मैंने कहा कि वह किसी और से ज़्यादा इसके हकदार हैं। विराट कोहली और सभी प्रशंसक। जिस तरह से प्रबंधन, सहयोगी स्टाफ़ ने खिलाड़ियों का समर्थन किया वह शानदार था। मैं फैंस के लिए बस एक लाइन कहना चाहता हूं – ई साला कप नामदू।रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिताब जीतने के बाद अहमदाबाद का स्टेडियम ई साला कप नामदू के नारे से गूंज उठा और आरसीबी के कप्तान से लेकर विराट कोहली व अन्य सभी खिलाड़ी यही बोलते नजर आए। दरअसल, ई साला कप नामदे कन्नड़ भाषा का वाक्य है, जिसका मतलब होता है इस साल कप हमारा होगा। वहीं, ई साला कप नामदू का मतलब होता है इस साल कप हमारा है।

## अल्काराज लगातार तीसरे साल फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में

### अमेरिकी खिलाड़ी पॉल को सीधे सेटों में हराया, स्वियातेक-सबालेंका भी जीतीं

नई दिल्ली।

स्पेनिश टेनिस स्टार कार्लोस अल्काराज ने फ्रेंच ओपन 2025 के मेंस सिगल्स के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। डिफेंडिंग चैंपियन ने क्वार्टर फाइनल में 12वीं सीड अमेरिकी खिलाड़ी टॉमी पॉल को केवल 94 मिनट में हराया। वहीं, इटली के लोरेंजो मुसेटी भी अंतिम-4 में पहुंच गए हैं। विमेंस सिंगल्स की मौजूदा चैंपियन पोलैंड की टेनिस स्टार इगा स्वियातेक और वर्ल्ड नंबर-1 आर्यना सबालेंका भी अगले दौर में पहुंच गई हैं।

**सेमीफाइनल में मुसेटी से भिड़ेंगे अल्काराज** :अल्काराज लगातार तीसरी बार फ्रेंच ओपन सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। अल्काराज ने टॉमी पॉल को सीधे सेटों में हराया। उन्होंने 6-0, 6-1, 6-4 से जीत दर्ज की। अब सेमीफाइनल में उनका मुकाबला इटली के लोरेंजो मुसेटी से होगा, जिन्होंने फ्रांसेस टियाफो को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया है। यह मुकाबला शुक्रवार, 6 जून को खेला जाएगा।



**मुसेटी के मैच के दौरान विवाद** : इटली के टेनिस खिलाड़ी लोरेंजो मुसेटी ने फ्रेंच ओपन में शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। मुसेटी ने पहली बार फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाई है। क्वार्टर फाइनल में उन्होंने अमेरिका के फ्रांसेस टियाफो को 6-2, 4-6, 7-5, 6-2 से हराया। हालांकि, मैच के दौरान एक विवाद हो गया। मुसेटी ने दूसरे सेट में हार के बाद गेंद को लात मार दी, जो एक महिला लाइन जज के सीने पर जा लगी। इस पर उन्हें अनस्पोर्ट्समैनलाइक कंडक्ट के लिए चेतावनी दी गई। मुसेटी ने तुरंत माफी मांगी और कहा यह एक दुर्भाग्यपूर्ण था।


**स्वियातेक ने स्वितोलिना को हराया** : पोलैंड की स्टार इगा स्वियातेक ने सेमीफाइनल में जगह बना ली है। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में यूक्रेन की एलीना स्वितोलिना को 6-1, 7-5 से हराया, जिससे उनका फ्रेंच ओपन में लगातार जीत का सिलसिला 26 मैचों तक पहुंच गया है। अब वह सेमीफाइनल में वर्ल्ड नंबर-1 आर्यना सबालेंका का सामना करेंगी।

## नॉर्वे शतरंज 2025 राउंड 8 : हिकारू ने गुकेश को दी मात, कोनेरू हम्पी महिला वर्ग में आगे

नई दिल्ली।

नॉर्वे शतरंज 2025 के आठवें राउंड में कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। इस राउंड का सबसे चर्चित मैच विश्व चैंपियन डी. गुकेश और अमेरिका के दिग्गज ग्रैंडमास्टर हिकारू नाकामुरा के बीच खेला गया, जिसमें नाकामुरा ने जीत दर्ज की।

शुरुआत से ही हिकारू नाकामुरा ने आक्रामक अंदाज़ में खेलते हुए गुकेश को दबाव में ला दिया। पिछले दो राउंड में जबरदस्त बचाव करने वाले गुकेश इस बार नाकामुरा के हमलों के आगे टिक नहीं सके और उन्हें हार का सामना करना पड़ा। इस जीत से नाकामुरा को पूरे तीन अंक मिले। एक और अहम मुकाबले में भारतीय शतरंज खिलाड़ी अर्जुन




एरिगैसी की फबियानो कारुआना से लंबी और कठिन जंग चली। एंडगेम में कारुआना थोड़े बेहतर स्थिति में दिखे, लेकिन समय के दबाव में उन्होंने एक निर्णायक चूक कर दी। एरिगैसी ने इसका फायदा उठाते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया और तीन अंक हासिल किए।

**कार्लसन-वेई यी का मैच ड्रॉ, आर्मगेडन में वेई की जीत** : दिन का अंतिम मुकाबला चीन के वेई यी और विश्व नंबर-1 मैग्नस कार्लसन के बीच खेला गया, जो नियमित समय में बिना किसी खास हलचल के ड्रॉ पर समाप्त हुआ। हालांकि, आर्मगेडन मुकाबले में वेई यी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए निर्णायक अंक हासिल किए। महिला वर्ग में भी आठवें राउंड में कड़ा मुकाबला देखने को मिला। भारत की अनुभवी खिलाड़ी कोनेरू हम्पी ने ईरान की सारा खादेम के खिलाफ जटिल स्थिति से बाज़ी को अपने पक्ष में मोड़ा। खुलेपन से ही हम्पी ने जटिल पोजिशन तैयार की और इसे सटीक अंदाज़ में जीत में बदल दिया। हालांकि, समय की कमी के चलते उन्होंने एक गंभीर चूक की, जिससे सारा खादेम के पास वापसी का मौका था लेकिन उस मौके को भुनाने में असफल रहीं और हम्पी ने तीन अंक पक्के किए।

प्रतिदिन राजधानी
गुरुवार, 5 जून 2025

# टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने फॉर्च्यूनर और लीजेन्डर नियो ड्राइव 48वी वेरिएंट लॉन्च

**नियो ड्राइव एज- न्यू ग्रेड कैसे अलग है**

**सेगमेंट में पहली बार, फॉर्च्यूनर और लीजेंडर में नियो ड्राइव 48वी बेहतर प्रदर्शन के लिए बुद्धिमान इलेक्ट्रिक सहायता प्रदान करता है। स्मार्ट आइडल स्टार्ट-स्टॉप निष्क्रिय अवस्था में इंजन को अपने आप बंद कर देता है, इससे शहरी यातायात में ईंधन की खपत कम होती है। मल्टी-टेरेन सिलेक्ट आपको अलग-अलगऑफ-रोड स्थितियों के**

**वायरलेस स्मार्ट फोन चार्जर अब फॉर्च्यूनर और लीजेन्डर नियो ड्राइव ग्रेड दोनों में उपलब्ध है।यह यात्रा के दौरान उपकरणों चार्ज करेगा और चालू रखेगा**




**मूल्य इस प्रकार है**
ग्रेड एक स-शोरू मकीमत (रुपयेमें) लीजेन्डर नियो ड्राइव 48वी 50,09,000 फॉर्च्यूनर नियो ड्राइव 48वी 44,72,000

स्थिति व्यापक तौर पर दिखाता है, जिससे पार्किंग और कम जगह में गाड़ी खड़ी करना या निकालना आसान हो जाता है। नियो बैज प्रणाली की बेहतर ईंधन दक्षता और प्रगतिशील प्रदर्शन का प्रतीक है। नियो ड्राइव बूस्ट असिस्ट, जब आपको इसकी सबसे अधिक आवश्यकता होती है, तो सुचारू टॉर्क वितरण के साथ त्वरण को बढ़ाता है।

वाहन चलाने का अच्छा अनुभव ङ्क शांत शुरूआत, इंजन पर कमजोर और सहज क्रूजिंग उत्सर्जन के कम पदचिह्न- शक्ति से समझौता किए बगैर

बैंगलोर, 03 जून 2025- टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने फॉर्च्यूनर और लीजेंडर को नए नियो ड्राइव अवतार/ग्रेड में पेश करने की घोषणा की। 48 -वोल्ट के उन्नत सिस्टम से युक्त, नए नियो ड्राइव वेरिएंट ईंधन की खपत के लिहाज से बेहतर हैं, ड्राइविंग प्रदर्शन अच्छा है और अधिक आराम प्रदान करते हैं - शहरी परिस्थितियों और ऑफ-रोड स्थितियों में अधिक परिष्कृत अनुभव प्रदान करते हैं। 2009 में बाजार में पेश किये जाने के बाद से, टोयोटा फॉर्च्यूनर ने प्रीमियम एसयूवी सेगमेंट में मानक स्थापित किया है। इसे अपनी बोल्ड डिज़ाइन, जबरदस्त प्रदर्शन और बेजोड़ ऑल-टेरेन क्षमता के लिए जाना जाता है। बाद के कुछ वर्षों में, इस एसयूवी ने शहरी रोमांच के शौकीनों से लेकर ऑफ-रोड उत्साहियों के बीच, एक मजबूत और निष्ठावान अनुसरण तैयार किया है। अपने स्टाइलिश और फीचर-वाले समकक्ष, लेजेंडर के साथ, फॉर्च्यूनर टोयोटा के मुख्य मूल्यों जैसे गुणवत्ता, स्थायित्व, विश्वसनीयता और ग्राहक-केंद्रित नवाचार पर निरंतर ध्यान केंद्रित करता है। और लीजेंडर नियो ड्राइव 48वी वेरिएंट की पेशकश पर बोलते हुए, सेल्स-सर्विस-यूज्ड कार बिजनेस के उपाध्यक्ष, श्री वरिंदर वाधवा ने कहा, जैसे-जैसे भारत में एसयूवी बाजार लगातार बढ़ रहा है, ग्राहक उन्नत सुविधाओं और अलग-अलग स्टाइल की मांग कर रहे हैं, फॉरच्यूनर और लीजेंडर दोनों अपने बोल्ड डिजाइन, शक्तिशाली प्रदर्शन और व्यापक सुविधाओं के साथ इन अपेक्षाओं को पूरा करते हुए आगे बढ़ रहे हैं, जो विविध उपयोगकर्ताओं की जरूरतों को सहजता से पूरा करते हैं। नियो ड्राइव 48वी ग्रेड की शुरूआत हमारी यात्रा में एक और मील का पत्थर है। सेगमेंट के पहले के रूप में यह ग्राहकों की बदलती जीवनशैली के साथ तालमेल बैठाने वाली, हमेशा बेहतर कारें देने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है, साथ ही कार्बन तटस्थता के प्रति टोयोटा के बहु-मार्ग दृष्टिकोण को भी मजबूत करता है। व्यावहारिक, भविष्य के लिए तैयार गतिशीलता समाधानों के माध्यम से, हम ग्राहक मूल्य को बढ़ाने और अधिक टिकाऊ कल के लिए सार्थक रूप से योगदान करने का प्रयास करते हैं।

# जेईई एडवांस्ड 2025 में अनअकैडमी के छात्रों की शानदार सफलता

एजेंसी, नई दिल्ली

देश की सबसे चुनौतीपूर्ण परीक्षाओं में से एक, जेईई एडवांस्ड 2025 का परिणाम आ चुका है, और इस बार अनअकैडमी ने सफलता की एक नई कहानी लिखी है। इस साल अनअकैडमी के 4129 से ज्यादा छात्रों ने जेईई एडवांस्ड में सफलता हासिल की है, जो यह साबित करता है कि सही गाइडेंस, मेहनत और तकनीक के साथ कोई भी लक्ष्य पाया जा सकता है। इस मौके पर अनअकैडमी के को-फाउंडर सुमित जैन ने सभी सफल छात्रों को बधाई देते हुए कहा-

हमारे लिए यह बहुत खुशी की बात है कि इतनी बड़ी संख्या में हमारे छात्रों ने जेईई एडवांस्ड 2025 में शानदार प्रदर्शन किया है। हम उज्जवल केसरी सहित सभी छात्रों को दिल से बधाई देते हैं। यह सिर्फ छात्रों की मेहनत का नहीं, बल्कि हमारे सभी शिक्षकों और पूरी टीम के दिन-रात के प्रयासों का नतीजा है। हम आगे भी इसी जुनून और समर्पण के साथ छात्रों की मदद करते रहेंगे, ताकि वे अपने सपनों को हकीकत बना सकें। 18 छात्र टॉप 100, 787 छात्र टॉप 5000, और 2205 छात्र टॉप 15000 रैंक में आए हैं। यह संख्या सिर्फ आंकड़े नहीं हैं, बल्कि हज़ारों सपनों के पूरे होने की कहानी है।



अनअकैडमी अपने छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ मजबूत सपोर्ट सिस्टम भी देता है। यहां छात्रों को डिजिटल क्लासरूम, 1-1 डाउट सॉल्विंग, एक्सपर्ट काउंसलिंग और पर्सनल गाइडेंस जैसी सुविधाएं मिलती हैं, जो उन्हें बेहतर ढंग से तैयारी करने में मदद करती हैं। जेईई या नीट की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए अनअकैडमी सेंटर ने एक अनोखी पहल की है - 'श्योर सक्सेस प्रोग्राम'। इस पहल के तहत अगर तय शर्तों के बाद भी नीट में 500 से कम या जेईई में 93 परसेंटाइल से कम स्कोर आता है, तो छात्रों को कोर्स फीस का 50फीसदी वापस मिलेगा।

## चीन ने डच रक्षा मंत्री के जासूसी आरोपों को खारिज किया

चीन ने मंगलवार को उन आरोपों को सिरे से नकार दिया जिनमें उसके वैज्ञानिक और तकनीकी विकास को चोरी की ढ्ढ ठ्ठ ह्ल द्ग द्य द्य द्ग ष्ह्ल ह्ल ड्ड द्य क्क्ष्श्चद्गह्ल4 का परिणाम बताया गया है। यह प्रतिक्रिया डच रक्षा मंत्री के उस बयान के बाद आई है जिसमें उन्होंने चीन पर खास तौर से सेमीकंडक्टर क्षेत्र में जासूसी बढ़ाने का आरोप लगाया था। चीनी ने कहा कि वह इस तरह के जासूसी और साइबर हमलों के आरोपों को खारिज करता है और इसे चीन की छवि खराब करने का प्रयास डच सैन्य खुफिया एजेंसी ने पिछले वर्ष दावा किया था कि चीनी जासूसों ने नीदरलैंड्स के सेमीकंडक्टर, एयरोस्पेस और समुद्री क्षेत्रों को निशाना बनाया था। मंत्री ने हाल ही में कहा कि ये गतिविधियाँ अब और तेज हो गई हैं।

# एचडीएफसी बैंक परिवर्तन ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्लास्टिक के खिलाफ जागरूकता अभियान शुरू

एजेंसी, मुंबई,

एचडीएफसी बैंक ने आगामी 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस से पहले प्लास्टिक के उपयोग के बारे में जागरूक करने के लिए जागरूकता अभियान शुरू करके पर्यावरण जिम्मेदारी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत किया। इस पहल के तहत बैंक ग्राहकों, कर्मचारियों तथा आम नागरिकों के लिए जागरूकता अभियान चला रहा है। एचडीएफसी बैंक के सीएसआर कार्यक्रम परिवर्तन के तहत चलाए जाने वाले इस अभियान के तहत चुनिंदा बैंक शाखाओं के ग्राहकों को अपने प्लास्टिक ई-कचरे को रीसायकल करने के लिए शाखा में जमा करने तथा अपनी बुनियादी जरूरतों के लिए प्लास्टिक के विकल्प का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके अलावा, बैंक कर्मचारियों के नेतृत्व में जागरूकता सत्र, संग्रहण अभियान तथा सफाई अभियान आयोजित करेगा, जिससे प्लास्टिक के उपयोग को कम करने के लिए सामूहिक सहयोग देने को प्रोत्साहित किया जा सके।

बैंक ने पर्यावरण पर प्लास्टिक प्रदूषण के नकारात्मक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और नागरिकों को सरल, लेकिन




प्रभावी तरीकों से अपने दैनिक जीवन में प्लास्टिक के उपयोग को कम करने के लिए ऑनलाइन शपथ लेने में सक्षम बनाने के लिए एक समर्पित वेबपेज भी लॉन्च किया है। जागरूकता अभियान के साथ-साथ, बैंक पूरे भारत में अपने समुदाय-नेतृत्व वाले अपशिष्ट प्रबंधन कार्यक्रमों को भी आगे बढ़ा रहा है। परिवर्तन हस्तक्षेपों के माध्यम से, बैंक का लक्ष्य वर्ष 2025 तक 1,000 से अधिक गांवों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली को लागू करना और 15 शहरी स्थानीय निकायों में सामग्री पुनर्प्राप्ति सुविधाएँ स्थापित करना है। भारत भर के विभिन्न क्षेत्रों में, बैंक ने समग्र दृष्टिकोण में अपशिष्ट पृथक्करण, पुनर्चक्रण और लैंडफिल निर्भरता को कम करने को लागू किया है। ये प्रयास %स्वच्छ भारत अभियान% और संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) जैसे राष्ट्रीय मिशनों के साथ संरेखित हैं और हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, केरल, असम, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में फैले हुए हैं, जो शैक्षिक पहल, कला प्रतिष्ठानों और व्यवहार परिवर्तन अभियानों के माध्यम से निवासियों को जोड़ते हैं। एचडीएफसी बैंक के उप प्रबंध निदेशक श्री कैजाद भरूचा ने कहा, एचडीएफसी बैंक में, हम मानते हैं कि सार्थक परिवर्तन समुदायों के साथ मिलकर किया जाता है। प्लास्टिक स्थायी प्रभाव पैदा करने के लिए डिज़ाइन की लिए मिलकर काम करके, हम पर्यावरण की रक्षा करने और जिन समुदायों की हम सेवा करते हैं उनके सामाजिक और आर्थिक ताने-बाने को मजबूत करने में एक छोटी सी भूमिका निभा रहे हैं।

## Amazon.in की होम शॉपिंग स्प्री में शामिल होकर अपने घर को गर्मियों के लिए करें तैयार



एजेंसी, नई दिल्ली

RAIPUR : Amazon.in की होम शॉपिंग स्प्री के साथ अपने घर को इस गर्मी दें नया लुक! होम,

किचन और आउटडोर प्रोडक्ट्स की विस्तृत रेंज पर पाएं बेहतरीन डील्स। रोबोटिक वैक्यूम, वॉटर प्यूरिफायर, कूलर, वॉटर बॉटल्स, स्विमिंग एक्सेसरीज़, फर्नीचर और बहुत कुछ ङ्क इस गर्मी में ठंडक और आराम के लिए जरूरी हर चीज यहां मिलेगी। ग्राहक एक्वागार्ड, नारवाल, वेगा और अन्य लोकप्रिय ब्रांड्स पर शानदार डील्स का लाभ उठा सकते हैं। **अमेजन** पे आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड से खरीदारी करने पर प्राइम सदस्यों को अनलिमिटेड 5त्न और नॉन-प्राइम सदस्यों को 3त्न कैशबैक के साथ आकर्षक रिवॉर्ड्स भी मिलते हैं। इसके अलावा, योग्य ग्राहक अमेजन पे लेटर के जरिए ?60,000 तक की सुविधा का भी लाभ उठा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए अमेजन पे देखें। प्राइम आपके लिए अमेजन की बेहतरीन सेवाओं को लेकर आता है, जिसमें सदस्यता के जरिए तेज़ और मुफ्त डिलीवरी, बचत, सुविधा, और मनोरंजन सब कुछ एक साथ मिलता है ङ्क वो भी एक किफायती सदस्यता में। भारत में, प्राइम सदस्यों को 10 लाख से अधिक उत्पादों पर फ्री सेम-डे डिलीवरी और 40 लाख से अधिक उत्पादों पर नेक्स्ट-डे डिलीवरी मिलती है। साथ ही, अमेजन पे आईसीआईसीआई क्रेडिट कार्ड से सभी खरीददारी पर असीमित 5त्न कैशबैक मिलता है। प्राइम सदस्य एक्सक्लूसिव प्राइम डे ऑफ़र और अन्य अमेजन सेल इवेंट्स और डील्स में जल्दी एक्सेस का भी फायदा उठा सकते हैं।

# इन्फिनिक्स ने GT 30 प्रोगेमिंग स्मार्टफोन लॉन्च

*लॉन्च के दिन केलिए इसका मूल्य 22,999 रुपये (सभी ऑफरों के साथ) रखा गया है। यह दो आकर्षकरंगों - डार्क फ्लेयर (आरजीबी एलईडी लाईटिंग के साथ) और ब्लेड व्हाईट (सफेद एलईडीलाईटिंग के साथ) में उपलब्ध होगा।*

एजेंसी, नई दिल्ली

सेगमेंट के पहले शोल्डर गेमिंग ट्रिगर्स औरक्राफ्टन द्वारा सर्टिफाईड 120एफपीएस बीजीएमआई सपोर्ट हैं नईदिल्ली, 3 जून, 2025 नए युग के स्मार्टफोन ब्रांड, इन्फिनिक्स ने आज भारत मेंइन्फिनिक्स GT 30 प्रो लॉन्च किया। गेमिंग पर केंद्रित रहने के अपने सिद्धांत के साथइन्फिनिक्स GT30 प्रो में फ्लैगशिप ग्रेड कीप्रोसेसिंग, आधुनिक थर्मल डिजाइन, औरइमर्सिव कंट्रोल फीचर्स दिए गए हैं, जो केंद्रित परफॉर्मेंसप्रदान करते हैं। त्न ञ्च 30 प्रो को 12 जून, 2025 से फिलपकार्ट पर खरीदा जा सकेगा। लॉन्च के दिन केलिए



इसका मूल्य 22,999 रुपये (सभी ऑफरों के साथ) रखा गया है। यह दो आकर्षकरंगों - डार्क फ्लेयर (आरजीबी एलईडी लाईटिंग के साथ) और ब्लेड व्हाईट (सफेद एलईडीलाईटिंग के साथ) में उपलब्ध होगा। यह डिवाईस मिड-प्रीमियम सेगमेंट में बेहतरीनगेमिंग प्रदान करेगी, क्योंकि इसमें उद्योग के अग्रणी इनोवेशन और फंक्शनलगेमिंग डिजाईन दिए गए हैं, जो गेमर्स को आकर्षित करतेहैं। लॉन्चके बारे में अनीश कपूर, सीईओ, इन्फिनिक्स इंडिया ने कहा, '' GT 30 प्रो इन्फिनिक्स और भारत मेंगेमिंग के परिदृश्य के लिए एक महत्वपूर्ण शुरुआत है। बढती मोबाईल गेमिंग के साथ आजके गेमर्स केवल कॉस्मेटिक अपग्रेड नहीं, बल्कि जबरदस्तपरफॉर्मेंस, आधुनिक थर्मल डिजाईन और इमर्सिव गेमप्ले की भी मांगकरते हैं। इसलिए GT 30 प्रोमें फ्लैगशिप ग्रेड के प्रेसिन के साथ दुनिया का पहला मीडियाटेक डायमेंसिटी 8350 अल्टीमेट प्रोसेसर, क्राफ्टन सर्टिफाईड 120एफपीएस बीजीएमआई सपोर्ट, त्नञ्जशोल्डर ट्रिगर और कस्टमाईलेबल आरजीबी लाईटिंग के साथ बोल्डसाईबर मेचा डिजाईन जैसी खूबियाँ दी गई हैं। गेमिंग के अनुभव को और ज्यादा बेहतरबनाने के लिए ईस्पोर्ट्स मोड, एक्सबूस्ट, एआई ऑडियो इन्हेंसमेंट और हैप्टिक्स जैसे एआई-पॉवर्ड फीचर्स भी ऑप्टिमाई? किएगए हैं, ताकि ज्यादा इमर्सिव और रिस्पॉन्सिव गेमप्ले प्राप्तहो सके।

# अनिल अग्रवाल ने आंध्र प्रदेश द्वारा AM/NS परियोजना के लिए 28,000 करोड़ के प्रोत्साहन की सराहना की

**उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह की बड़ी परियोजनाएं क्षेत्र में बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित करेंगी और आर्थिक गतिविधियों को गति देंगी**

एजेंसी, आंध्र प्रदेश

वेदांता के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा उद्योगों को दिए जा रहे प्रोत्साहनों की सराहना की है और कहा है कि राजस्थान, ओडिशा, झारखंड और छत्तीसगढ़ जैसे राज्य भी इस प्रकार की योजनाएं अपनाकर निवेश के लिए प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं।

हाल ही में 'ङ्ग' (पूर्व में ट्विटर) पर किए गए एक पोस्ट में अग्रवाल ने अनाकापल्ली में आर्सेलरमित्तल निप्पॉन स्टील (M/NS) के एकीकृत स्टील प्लांट के लिए 28,000 करोड़ तक के प्रोत्साहन दिए जाने का उल्लेख किया। उन्होंने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा विनिर्माण क्षेत्र से जुड़े प्रमुख मुद्दों-जैसे भूमि पर स्टांप ड्यूटी, त्नस्ञ्ज, बिजली और पानी की लागत-का समाधान करके बड़े पैमाने पर औद्योगिक निवेश आकर्षित करने के लिए उठाए गए साहसी और समयोचित कदमों को रेखांकित किया।

उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह की बड़ी परियोजनाएं क्षेत्र में



बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित करेंगी और आर्थिक गतिविधियों को गति देंगी।

अग्रवाल ने कहा कि राजस्थान, ओडिशा, झारखंड और छत्तीसगढ़ जैसे अन्य राज्य भी ऐसे उपाय अपनाकर निवेश के लिए प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं। उन्होंने कहा, जो राज्य सबसे आक्रामक नीति अपनाएगा, वही सबसे अधिक निवेश आकर्षित करेगा।उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह की बड़ी परियोजनाएं क्षेत्र में बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित करेंगी और आर्थिक गतिविधियों को गति देंगी।


# कल्याण ज्वैलर्स रायपुर में आयोजित करेगा एक्सक्लूसिव हाई ज्वैलरी शोकेस

## 6 से 8 जून तक हयात रायपुर में होगी भव्य प्रदर्शनी, दुर्लभ और बेमिसाल आभूषणों का शानदार खजाना

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**

भारत के सबसे प्रतिष्ठित और विश्वसनीय आभूषण ब्रांडों में से एक, कल्याण ज्वैलर्स रायपुर में एक विशेष हाई ज्वैलरी प्रदर्शनी आयोजित करने जा रहा है। यह तीन दिवसीय आयोजन 6 जून से 8 जून 2025 तक सुबह 10-00 बजे से रात 8-00 बजे तक हयात रायपुर में आयोजित होगा। यह शोकेस उन लोगों के लिए है जो बारीकी से तैयार की गई कलाकारी और कालातीत डिज़ाइनों के शौकीन हैं।

इस प्रदर्शनी में डायमंड, पोल्की, सोलिटेयर और कलर जेमस्टोन ज्वैलरी के बेहतरीन और दुर्लभ कलेक्शन को प्रदर्शित किया जाएगा। शोकेस का प्रमुख आकर्षण एक शानदार नेकलेस होगा, जो पूरी तरह से नैचुरल डायमंड सोलिटेयर से तैयार किया गया है और





जिसकी कीमत ?6 करोड़ से अधिक है। यह ज्वैलर्स की डिजाइन उत्कृष्टता और परंपरा की झलक देता है।इस प्रदर्शनी में डायमंड, पोल्की, सोलिटेयर और कलर जेमस्टोन ज्वैलरी के बेहतरीन और दुर्लभ कलेक्शन को प्रदर्शित किया जाएगा। शोकेस का प्रमुख आकर्षण एक शानदार नेकलेस होगा, जो पूरी तरह से नैचुरल डायमंड सोलिटेयर से तैयार किया गया है और आधुनिक शौकीनों की बदलती पसंद को ध्यान में रखते हुए, प्रदर्शनी में पोल्की ज्वैलरी की भी एक शानदार रेंज प्रस्तुत की जाएगी, जिसमें पारंपरिक शैली और समकालीन डिज़ाइनों का आकर्षक मेल देखने को मिलेगा। इसके साथ ही रंगीन रत्नों से जड़ी ज्वैलरी भी प्रदर्शित होगी, जिसमें बारीक कारीगरी और आधुनिकता का अद्भुत संतुलन होगा। यह विशेष आयोजन कल्याण ज्वैलर्स की उस पहल का हिस्सा है, जिसमें ब्रांड अपने विशिष्ट ग्राहकों को व्यक्तिगत और भव्य अनुभव प्रदान करता है। एक बुटीक-शैली के इस शोकेस में ग्राहक बेहद खूबसूरत और प्रतिष्ठित आभूषणों को नजदीक से देखने और खरीदने का अवसर प्राप्त करेंगे।

Pratidinrajdhani.in

Daily Morning Newspaper & Webportal

E Paper Also Available



Web Portal : www.pratidinrajdhani.in
Youtube : Pratidin Rajdhani

दैनिक
प्रतिदिन राजधानी
आम आदमी का खास अखबार

आम ईशतहार, खरीदी बिक्री, नाम परिवर्तन, आवश्यकता, कोर्ट नोटिस

संपर्क करें:
शारदा चौक, रायपुर ( छ.ग. )
62629 04444
ई-मेल : pratidincg@gmail.com
E-paper : https://epaper.pratidinrajdhani.in

विज्ञापन एजेंसियां

**अतुल पब्लिसिटी**
छलवाई लेन, रायपुर, फोन 2223699, 2539578, 94252 11222

**एम्बेसी कारपोरेट प्रमोशन**
13 14 तीसरा माला अशोका मिलेनियम, राजेन्द्र नगर रिंग नं.1, रायपुर, मो. 99811-30300

**अजय एडवरटाइजर्स, पब्लिसिटी**
समवेद शिखर कॉम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर
फोन :2224371, 2537569,94242-01700

**ए.एस. एसोसिएट्स**
प्रथम तल, आनंद भवन गुरुनानक चौक, रायपुर
मो. 93020-77741, 98271-62101

**माहेश्वरी पब्लिसिटी सर्विस**
डॉ. नायडू कॉम्पलेक्स, जेल रोड, मेफेयर इन के बाजू में, रायपुर
फोन नं. 4034113, 2234113, मो. 98269-06113

**प्रयास एडवरटाइजर्स**
ग्राउंड फ्लोर 13, सत्य साई प्लाजा, लैंडिकल हॉस्पिटल, पुराना बस स्टैंड के पास, शिव टाकीज रोड बिलासपुर, रायपुर, द्वितीय तल श्याम प्लाजा, पंडरी शाप
मो. 98267-01259, 62642-74844

**राजेश पब्लिसिटी**
समता कॉलोनी, कृष्णा टॉकीज के पास, रायपुर
फोन नं. 4043063, मो-94252-08899, 99263-08899

**सुमीत एडवरटाइजर्स**
शहीद स्मारक भवन, रजबंधा, रायपुर
फोन नं. 0771-4031319, मो. 98261-61116, 98267-08989

**शिवम् पब्लिसिटी**
नत्थानी बिल्डिंग बूढ़ापारा, रायपुर
फोन नं. 2539968, मो.-9829100268

**चित्रांश पब्लिसिटी**
24, प्रथम तल, चिवेला कॉम्पलेक्स शास्त्री बाजार, रायपुर
मो. 94252 04920, फोन : 2234944, 2582595

**देव एड एजेंसी**
आशीर्वाद टॉवर, राज टॉकीज, रायपुर , फोन नं. 2537897
मो. 7987854705, 98268 77609

**खन्ना एडवरटाइजर्स**
ए-5/2, शंकरनगर सेक्टर- I, केनरा बैंक वाली गली, रायपुर
मो. 98271-44343, 93001-60001 2524032

**ए.के. एडवरटाइजर्स**
चिमन प्लाजा, लिबास टेलर के बाजू तात्यापारा, रायपुर
मो. 9826145558, 07714028271

**मीतनिशा एडवरटाइजिंग**
23, तीसरा माला रियो काम्पलेक्स, फ्रुट मार्केट के सामने लालपुर, रायपुर ( छ.ग. ) मो. 98271-46567,93298-46567

**अनिश एड.**
खादल हाउस के पास, शंकर नगर, रायपुर
मो. 93021-19222, 9303119222

**श्रीराम एडवरटाइजिंग एंड मार्केटिंग रायपुर ब्रांच**
403 चौथी मंजिल मेग्नेटो, जीई रोड, रायपुर
फोन नं. 0771 4055015


प्रतिदिन राजधानी
गुरुवार, 05 जून 2025

# संसद में ऑपरेशन सिंदूर पर होगा सियासी घमासान!

## 21 जुलाई से 12 अगस्त तक चलेगा मानसून सत्र

**नई दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र की तारीखों का एलान हो गया है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने इसकी जानकारी दी है। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि 21 जुलाई से 12 अगस्त तक संसद का मानसून सत्र आयोजित किया जाएगा।

वहीं विपक्ष की ओर से ऑपरेशन सिंदूर और पहलगाम आतंकी हमले को लेकर संसद के विशेष सत्र की लगातार मांग की जा रही है। इस बीच सरकार ने यह एलान किया है। पीटीआई सूत्रों के मुताबिक, संसदीय मामलों की कैबिनेट समिति की तरफ से



राष्ट्रपति को भेजी गई सिफारिशों के अनुसार संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से 12 अगस्त तक चलेगा।

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के महाभियोग मामले के सिलसिले में कांग्रेस, टीएमसी, समाजवादी पार्टी और डीएमके सहित कई विपक्षी नेताओं से संपर्क किया है।

इस साल मार्च में दिल्ली में न्यायमूर्ति वर्मा के आवास पर आग लगने की घटना हुई थी, जिसके बाद कथित तौर पर जला हुआ कैश बरामद हुआ। उस समय न्यायमूर्ति वर्मा दिल्ली उच्च न्यायालय में न्यायाधीश थे। इस मामले के बाद उनपर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं।

इससे पहले संसद का बजट सत्र दो हिस्सों में आयोजित किया गया था। बता दें कि पहला सत्र 31 जनवरी को शुरू हुआ और 13 फरवरी तक चला था। संसद के बजट सत्र का दूसरा भाग 10 मार्च को शुरू हुआ और आज यानी 4 अप्रैल को समाप्त हुआ है।

## उत्तर कोरिया में होगी रूस-यूक्रेन संघर्ष पर चर्चा; रूस के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी पहुंचे



**मॉस्को।** तीन साल से चल रहे रूस-यूक्रेन युद्ध में अहम घटनाक्रम देखने को मिला है। ये घटनाक्रम रूस और उत्तर कोरिया के बीच बढ़ रहे संबंधों से जुड़ा है। बता दें कि, रूस के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी सर्गेई शोइगु उत्तर कोरिया की राजधानी प्योंगयांग में उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन से मुलाकात के लिए पहुंचे हैं। रूसी समाचार एजेंसी टीएएसएस के अनुसार, यह मुलाकात रूस और उत्तर कोरिया के बीच गहरे होते रणनीतिक रिश्तों का संकेत है, खासकर जब रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध ने अलग रुख ले लिया है।

### बैठक का क्या है उद्देश्य?

इस बैठक का मुख्य उद्देश्य रूस और उत्तर कोरिया के बीच जून 2024 में हुए रणनीतिक साझेदारी समझौते के कार्यान्वयन पर चर्चा करना है। साथ ही, अंतरराष्ट्रीय मुद्दों, खासकर यूक्रेन में जारी युद्ध को लेकर भी बातचीत की गई। रूसी सुरक्षा परिषद की प्रेस टीम के अनुसार, 'यूक्रेन के आसपास की स्थिति पर भी चर्चा हुई है।' बता दें कि सर्गेई शोइगु इससे पहले मार्च में भी उत्तर कोरिया की यात्रा कर चुके हैं। वे रूस के पूर्व रक्षा मंत्री भी रह चुके हैं।

### उत्तर कोरियाई सैनिकों की रूस में मौजूदगी

इससे पहले अप्रैल 2025 में क्रेमलिन ने पुष्टि की थी कि उत्तर कोरियाई सैनिक रूस के कुर्स्क सीमा क्षेत्र में यूक्रेनी हमलों को रोकने के लिए रूसी सेना के साथ लड़ रहे हैं। राष्ट्रपति पुतिन ने इन सैनिकों की सराहना करते हुए कहा था कि उन्होंने 'रूसी सैनिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हमारे देश की रक्षा की है, जैसे वह उनका अपना हो।'

### यूक्रेन ने क्या किया दावा?

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने जनवरी में दावा किया था कि यूक्रेनी सेनाओं ने कुर्स्क क्षेत्र में दो उत्तर कोरियाई सैनिकों को जिंदा पकड़ा है। यह पहला मौका था जब यूक्रेन ने सार्वजनिक रूप से यह स्वीकार किया कि उत्तर कोरियाई सैनिक वास्तव में युद्ध में भाग ले रहे हैं।

## मानसिक अस्पताल में अचानक बिगड़ी मरीजों की सेहत, 1 की मौत और 70 की हालत गंभीर,

**हैदराबाद (तेलंगाना)।** तेलंगाना सरकार के मानसिक स्वास्थ्य अस्पताल (IHM) में अचानक कई मरीजों की तबीयत खराब हो गई। वहीं इलाज के दौरान 1 शख्स ने दम तोड़ दिया। शुरुआती जांच में घटना की वजह फूड पॉयजनिंग को माना जा रहा है।





यह घटना एर्रागड्डा के मानसिक स्वास्थ्य अस्पताल की है। घटना की जानकारी मिलते ही जिला कलेक्टर अनुराग दयाल दुरशेट्टी अस्पताल पहुंचे। IHM के सभी मरीजों को अचानक उल्टियां होने लगीं और वो डायरिया से ग्रसित हो गए। इस दौरान 1 मरीज की हालत गंभीर हो गई। मेडिकल स्टाफ ने उसे सीपीआर भी दिया, लेकिन उसकी मौत हो गई। मानसिक स्वास्थ्य अस्पताल में हुई इस घटना के बाद तेलंगाना के स्वास्थ्य मंत्री भी फौरन एक्टिव हो गए। उन्होंने तुरंत मामले पर कार्रवाई करते हुए उस्मानिया अस्पताल की स्पेशल मेडिकल टीम को एर्रागड्डा भेजा। 70 मरीजों में से 68 मरीजों की हालत में सुधार देखने को मिला है। हालांकि 2 की हालत गंभीर हो गई थी, जिन्हें उस्मानिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया था। इस घटना से पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई है। जांच एजेंसियों को घटना की जांच करने के आदेश दिए गए हैं। हालांकि फूड पॉयजनिंग की वजह अभी तक सामने नहीं आई है। जांच एजेंसियां अस्पताल में खाने और पानी का सैंपल इकट्ठा कर लिया है।

## 1 मार्च 2027 से शुरू होगी जनगणना, जातिगत आंकड़े भी होंगे शामिल

**नई दिल्ली।** देश में 17 साल बाद फिर राष्ट्रीय जनगणना होने जा रहा है। सूत्रों के अनुसार जनगणना 1 मार्च 2027 से शुरू होगी। जनगणना, जाति जनगणना के साथ ही की जाएगी। राष्ट्रीय जनगणना दो चरणों में की जाएगी। उत्तर के पहाड़ी क्षेत्रों में सबसे पहले। सूत्रों ने बताया कि लद्दाख, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में जनगणना 1 अक्टूबर 2026 से शुरू होगी।

## गुरुद्वारे की जमीन को वक्फ बोर्ड ने बताई अपनी संपत्ति, सुप्रीम कोर्ट पहुंचा मामला; अदालत ने की ये टिप्पणी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शाहदरा स्थित एक गुरुद्वारे की जमीन को वक्फ भूमि बताते हुए एक याचिका सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गई। दिल्ली वक्फ बोर्ड का दावा था कि शाहदरा में जिस जमीन पर गुरुद्वारा बना हुआ है, वह वक्फ की जमीन है और आजादी से पहले वहां एक मस्जिद थी।

लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ बोर्ड की याचिका को खारिज कर दिया और कहा कि गुरुद्वारा कई दशकों से वहां पर है, इसलिए वक्फ बोर्ड को पीछे हट जाना चाहिए। इसके पहले दिल्ली हाईकोर्ट ने भी वक्फ बोर्ड की याचिका को खारिज कर दिया था।

ये पूरा मामला शाहदरा स्थित गुरुद्वारे की जमीन से जुड़ा है। इसे वक्फ की संपत्ति बताते हुए दिल्ली वक्फ बोर्ड ने वहां मस्जिद होने का दावा किया था। बोर्ड की तरफ से पेश हुए वकील संजय घोष ने कहा कि निचली अदालतों में मस्जिद होने के दावे को स्वीकार किया था।



हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने इस मांग को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि जब गुरुद्वारा वहां अच्छी तरह संचालित हो रहा है, तो उसे रहने दें। एक धार्मिक संरचना पहले से चल रही है, इसलिए वक्फ बोर्ड को खुद पीछे हट जाना चाहिए। जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने कहा कि आपको खुद ही दावे को छोड़ देना चाहिए।

2010 में वक्फ बोर्ड की याचिका को दिल्ली हाई कोर्ट ने भी खारिज कर दिया था, जिसके बाद बोर्ड ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। याचिका में कहा गया था कि वहां मस्जिद तकिया बब्बर शाह स्थित थी और जमीन वक्फ को दी गई थी। हालांकि प्रतिवादी का तर्क था कि संपत्ति वक्फ की नहीं रह गई.



## द्वितीय विश्व युद्ध के समय के विस्फोटकों के चलते खाली कराया गया शहर, 20 हजार लोगों को निकाला गया

**बर्लिन।** जर्मनी के कोलोग्ने शहर में हाल ही में द्वितीय विश्व युद्ध के समय के तीन विस्फोटकों के मिलने के बाद शहर को खाली कराया जा रहा है। अब तक शहर के 20 हजार से ज्यादा लोगों को सुरक्षित निकाला जा चुका है। इन बमों को निष्क्रिय किया जाएगा। दावा किया जा रहा है कि यह कोलोग्ने में द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यह सबसे बड़ा निकासी अभियान है।

जर्मनी में मिलते रहते हैं द्वितीय विश्व युद्ध के समय के बम

द्वितीय विश्व युद्ध को 80 साल हो चुके हैं, लेकिन अभी भी जर्मनी में द्वितीय विश्व युद्ध के समय गिराए गए बम मिलते रहते हैं। इस तरह के बमों को निष्क्रिय करने के लिए निकासी अभियान चलाए जाते हैं। ऐसा ही निकासी अभियान अब चलाया जा रहा है। चूंकि इस बार बम कोलोग्ने शहर के भीड़भाड़ वाले इलाके और शहर के केंद्र में है, इसलिए निकासी अभियान बहुत बड़ा है। जिस जगह बम मिले हैं, उसके 1000 मीटर के दायरे में लोगों को निकाला जा रहा है। ये बम सोमवार को सड़क निर्माण के दौरान बरामद हुए। प्रभावित दायरे में कई घर, 58 होटल, नौ स्कूल, कई म्यूजियम और ऑफिस इमारतों के साथ ही ट्रेन स्टेशन भी है।

# कोलोराडो हमले के मास्टरमाइंड ने बड़ी संख्या में लोगों की हत्या की रची थी साजिश, लेकिन डर गया था

**बोल्डर।** कोलोराडो के बोल्डर में बीते दिनों हुए आतंकी हमले के बाद बुधवार को बोल्डर के लोग एकजुट हुए और प्रार्थना सभा का आयोजन किया। दरअसल आतंकी घटना के बाद बोल्डर के लोग स्तब्ध हैं। आतंकी हमले में 12 लोग घायल हुए थे। जब मिस्त्र मूल के मोहम्मद साबरी सोलीमन ने मोलोटोव कॉकटेल से यहूदी लोगों पर हमला कर दिया था। यहूदी समुदाय के लोग गाजा में बंधक बनाए गए लोगों की रिहाई के लिए प्रदर्शन कर रहे थे।

अब बोल्डर पुलिस ने दावा किया है कि आरोपी साबरी ने रविवार को हमले के दौरान 20 के करीब लोगों की हत्या की साजिश रची थी और इसके लिए उसने 18 मोलोटोव कॉकटेल तैयार किए थे। मोलोटोव कॉकटेल एक तरह का विस्फोटक है। पुलिस ने बताया कि साबरी हमले के तुरंत बाद डर गया था क्योंकि उसने पहले किसी को नुकसान नहीं पहुंचाया था। यही वजह रही कि उसने 18 मोलोटोव कॉकटेल में से महज दो का ही इस्तेमाल किया। संघीय एजेंसियों को शक है कि मोहम्मद साबरी



अवैध रूप से अमेरिका में रह रहा था। हमले के बाद साबरी के साथ ही उसकी पत्नी और पांच बच्चों को भी अमेरिका के अप्रवासन विभाग ने हिरासत में ले लिया है। व्हाइट हाउस ने संकेत दिए हैं कि साबरी के परिवार को निर्वासित किया जा सकता है। अमेरिका में यह दुर्लभ है कि किसी अपराध के आरोपी के परिजनों को हिरासत में लिया जाए और उन्हें निर्वासित किया जाए।

साबरी ने पूछताछ में बताया है कि उसके परिवार के किसी सदस्य को उसकी योजना के बारे में जानकारी नहीं थी। साबरी ने पुलिस को बताया कि उसने गुस्से में यह कदम उठाया। पुलिस का कहना है कि आरोपी को अपने किए पर पछतावा नहीं है। साबरी का जन्म मिस्त्र की राजधानी काहिरा से 120 किलोमीटर उत्तर में स्थित घारबिया प्रांत के एक किसान परिवार में हुआ था। तीन साल पहले अमेरिका आने से पहले साबरी करीब 17 साल तक कुवैत में रहा। साल 2022 में साबरी पर्यटक वीजा पर अमेरिका आया था और फिलहाल अवैध रूप से अमेरिका में रह रहा है।

मोहम्मद साबरी सोलीमन ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वह बीते एक साल से हमले की योजना बना रहा था और अपनी बेटी के स्नातक होने का इंतजार कर रहा था। साबरी पर घृणा अपराध और हत्या की कोशिश के आरोप लगे हैं, लेकिन साबरी के खिलाफ और आरोप तय किए जा सकते हैं।

## यूएस के प्रस्ताव की ईरान के सर्वोच्च नेता ने की आलोचना, यूरेनियम संवर्धन क्षमता बनाए रखने पर जोर

**तेहरान।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने बुधवार को परमाणु समझौते पर अमेरिका के प्रस्ताव की आलोचना की और कहा कि यह ईरान के विचार के पूरी तरह से खिलाफ है। खामेनेई ने हालांकि अमेरिका के साथ संभावित परमाणु समझौते की संभावना से इनकार भी नहीं किया। खामेनेई ने इस बात पर जोर दिया कि ईरान को यूरेनियम संवर्धन की क्षमता बनाए रखने पर फोकस करना चाहिए।

ईरान का फोकस यूरेनियम संवर्धन क्षमता बनाए रखने पर



खामेनेई ने कहा कि 'अगर हमारे पास 100 परमाणु ऊर्जा संयंत्र हैं और हमारे पास संवर्धन की क्षमता नहीं है, तो वे सारे परमाणु ऊर्जा संयंत्र हमारे लिए बेकार हैं। अगर हमारे पास संवर्धन नहीं है, तो हमें अमेरिका के सामने हाथ फैलाना होगा।' गौरतलब है कि कई परमाणु शक्ति संपन्न देश अभी भी बाहरी देशों से संवर्धित यूरेनियम लेते हैं। ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु समझौते पर बात हो रही है और अभी तक दोनों देशों के बीच पांच दौर की बातचीत हो चुकी है। अमेरिका द्वारा ईरान को क्या प्रस्ताव दिया गया है, इसकी जानकारी भी सामने नहीं आई है।

ईरान के साथ परमाणु समझौता अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की प्राथमिकताओं में से एक है। समझौते के तहत अमेरिका, ईरान को कठोर आर्थिक प्रतिबंधों से राहत दे सकता है, जिसके बदले में ईरान को अपने यूरेनियम संवर्धन को समाप्त करना होगा। हालांकि समझौता न होने और दूसरी तरफ इस्राइल-हमास युद्ध के चलते पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ा हुआ है। वहीं प्रतिबंधों से दबाव में चल रही ईरान की अर्थव्यवस्था में और गिरावट आ सकती है और इसके चलते घरेलू स्तर पर चुनौतियां बढ़ सकती हैं। समझौता न होने की स्थिति में हालात और बिगड़ सकते हैं।

## आतंकियों के जनाजे पर आंसू बहा रहा पाकिस्तान, कहा- आतंकवाद कम कर सकता है भारत से खुफिया सहयोग

**इस्लामाबाद।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद आतंकवादियों के जनाजे पर आंसू बहा रहा पाकिस्तान अब दक्षिण एशिया से आतंकवाद को खत्म करने के लिए भारत-पाकिस्तान खुफिया सहयोग की दुहाई दे रहा है। अमेरिका दौरे पर गए पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) अध्यक्ष और पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो-जरदारी का कहना है कि अगर दोनों देशों की खुफिया एजेंसियां मिलकर काम करें तो आतंकवाद को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

डॉन अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक, बिलावल भुट्टो इन दिनों अमेरिका के दौरे पर हैं। वह भारत के



साथ हालिया संघर्ष के बाद समर्थन प्राप्त करने के लिए वैश्विक कूटनीतिक प्रयास के हिस्से के रूप में एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। मंगलवार को उन्होंने न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की।

अंतरराष्ट्रीय समुदाय से सक्रिय भूमिका निभाने की अपील

डॉन अखबार ने बुधवार को बताया कि प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बिलावल भुट्टो ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि अगर आईएसआई और रॉ इन ताकतों से लड़ने के लिए एक साथ बैठकर काम करने के लिए तैयार हों, तो भारत और पाकिस्तान में आतंकवाद में उल्लेखनीय कमी आ सकती है। बिलावल ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से दक्षिण एशिया में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। इस दौरान उन्होंने चेतावनी दी कि हाल ही में हुए संघर्ष विराम के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष का जोखिम कम नहीं हुआ है, बल्कि बढ़ गया है।

# वियतनाम ने खत्म की दो बच्चों की सीमा, बढ़ती उम्र देश के आर्थिक विकास के लिए बन रही खतरा

**हनोई.** वियतनाम ने मंगलवार (स्थानीय समयानुसार) को अपनी दो बच्चों की सीमा को खत्म कर दिया है। यह कदम इसलिए उठाया गया है, क्योंकि इस नियम के चलते जन्म दर घट रही है और बुजुर्गों की संख्या बढ़ती जा रही है। यह स्थिति देश के आर्थिक विकास के लिए खतरा बन रही है। इस पर रोक लगाने के लिए यह फैसला लिया गया है।

सरकारी समाचार एजेंसी के मुताबिक, वियतनाम की संसद ने उन नियमों को खत्म करने के लिए संशोधन पारित किए हैं, जो परिवारों को एक या दो बच्चे पैदा करने की सीमा तय करते हैं।

### 2021 के बाद से लगातार घट रही जन्म दर

पिछले कुछ सालों में वियतनाम में जन्म दर लगातार कम हो रही है। 2021 में जन्म दर प्रति महिला 2.11 बच्चे थी, जो लंबे समय में जनसंख्या को कम होने से बचाने के लिए आवश्यक प्रतिस्थापन दर से थोड़ा अधिक थी। हालांकि, इसके बाद से जन्म दर में लगातार गिरावट दर्ज की गई। यह संख्या 2022 में घटकर 2.01 बच्चे, 2023 में 1.96 और 2024 में 1.91 बच्चे रह गई।

वियतनाम कम प्रजनन दर वाला एकमात्र एशियाई देश नहीं है। जापान, दक्षिण कोरिया और सिंगापुर में भी जन्म दर बहुत कम है। हालांकि, इन देशों की तुलना में वियतनाम अभी भी एक विकासशील अर्थव्यवस्था है।

### अच्छी परवरिश और सर्वोत्तम शिक्षा देने के लिए पैदा किया एक ही बच्चा: गुयेन

वियतनाम की राजधानी हनोई की एक 37 वर्षीय महिला गुयेन थू लिन्ह ने बताया कि उन्होंने केवल एक ही बच्चा पैदा करने का इसलिए फैसला लिया, क्योंकि वे यह सुनिश्चित करना चाहते थे कि वे अपने छह वर्षीय बेटे को अच्छी परवरिश और सर्वोत्तम शिक्षा दे



सकें। उन्होंने कहा कि कभी-कभी मैं एक और बच्चा पैदा करने के बारे में सोचती हूं, लेकिन ऐसा करने से पैसों और समय का दबाव बढ़ जाता है।

वियतनाम ने 1988 में दो से ज्यादा बच्चे पैदा करने से परिवारों को रोकने के लिए नियम बनाए थे। इसके पीछे का मकसद यह था कि महिलाएं बच्चों की देखभाल के इतर काम पर ज्यादा समय दे सकें।

### वियतनाम की स्वर्णिम जनसंख्या अवधि

वियतनाम की स्वर्णिम जनसंख्या अवधि 2007 से 2039 तक मानी जाती है, जब देश में काम करने वालों की संख्या ज्यादा और बुजुर्गों आबादी कम होगी। हालांकि, 2042 तक इस संख्या के चरम पर पहुंचने की संभावना है और 2054 से आबादी घटने लगेगी। इससे देश की अर्थव्यवस्था को नुकसान हो सकता है क्योंकि काम करने वाले लोग कम हो जाएंगे और बुजुर्गों की देखभाल का खर्च बढ़ेगा।

### वियतनाम में हर जगह जन्म दर में समान रूप से गिरावट नहीं

वियतनाम में हर जगह जन्म दर में समान रूप से गिरावट नहीं आ रही है। देश के सबसे बड़े शहर हो ची मिन्ह सिटी में 2024 में प्रजनन दर प्रति महिला केवल 1.39 बच्चे थी, जो राष्ट्रीय औसत से बहुत कम है। वहां पर 60 से अधिक उम्र के बुजुर्गों की संख्या 12 प्रतिशत है, जिससे सरकार पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। इसलिए सरकार वहां 35 साल की उम्र से पहले दो बच्चे पैदा करने वाली महिलाओं को 120 डॉलर (करीब 10,000 रुपये) दे रही है।

### असंतुलित लिंग अनुपात से भी जूझ रहा वियतनाम

वियतनाम असंतुलित लिंग अनुपात की समस्या से भी जूझ रहा है। वहां के लोग लड़कों की चाह को अधिक प्राथमिकता दे रहे हैं, जिसके चलते लिंग अनुपात बिगड़ रहा है। हालांकि, सरकार ने डॉक्टरों पर लिंग बताने पर प्रतिबंध लगाया है। साथ ही लिंग के आधार पर गर्भपात करने पर भी रोक लगाई है। इस समस्या को देखते हुए स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को जन्म से पहले बच्चे का लिंग बताने पर जुर्माना बढ़ाने का प्रस्ताव रखा है.

# कलिंगा विश्वविद्यालय ने छात्रों के लिए एक दिवसीय एमबीए पर किया कार्यक्रम

**प्रतिदिन राजधानी, रायपुर**

कलिंगा विश्वविद्यालय ने परिसर में छात्रों के लिए एक दिवसीय मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए) कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस कार्यक्रम में विभिन्न कॉलेजों/विश्वविद्यालयों के 160 से अधिक छात्रों ने भाग लिया, जो छात्रों के लिए एक मार्गदर्शक बन गया। सभी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर सभागार में स्वागत किया गया तथा कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। एस्पायरिंग लीडर्स के लिए आयोजित इस प्रभावशाली सत्र के मुख्य वक्ता– नैसकॉम के मध्य भारत के क्षेत्रीय प्रमुख श्री श्रीनु के., हीरा ग्रुप की सहायक महाप्रबंधक (सीएसआर) सुश्री योगिता रावत और बैंक असिस्ट इंडिया के संस्थापक श्री गौरव खरे थे। कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आर श्रीधर ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने नौकरी के अवसरों के लिए एमबीए के महत्व पर प्रकाश डाला।




कैरियर एवं कॉर्पोरेट रिसोर्स सेंटर (सीसीआरसी) के निदेशक श्री पंकज तिवारी ने प्रतिभागियों के साथ एक संवादात्मक सत्र में चर्चा की कि किस प्रकार स्वयं को एक ब्रांड के रूप में स्थापित किया जाए तथा एक लीडर की तरह सोचना शुरू किया जाए। उनका सत्र इस बात पर केंद्रित था कि नेतृत्व से क्या हासिल किया जा सकता है और एमबीए किस प्रकार उनके सपनों को पूरा करने में मदद कर सकता है।

सीसीआरसी के प्रबंधक श्री सौरभ बनवार ने एक लघु गतिविधि–आधारित सत्र में यह विचार व्यक्त किया कि प्रत्येक व्यक्ति अद्वितीय है। श्री श्रीनू के. ने भविष्य के कौशल और उसके महत्व पर एक सत्र लिया। कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संदीप गांधी ने कलिंगा विश्वविद्यालय के बारे में परिचय प्रस्तुत किया।

सुश्री योगिता रावत ने अपने सत्र के दौरान छात्रों को बहुमूल्य सलाह दी। उन्होंने अपने सीवी को अपडेट करने, खुद के प्रति ईमानदार रहने, प्रवेश स्तर की नौकरियों के लिए तैयारी करने और धीरे–धीरे कौशल में सुधार करने, अवसरों को प्राप्त करने के महत्व पर जोर दिया, उन्होंने मार्गदर्शन किया कि छात्रों को कार्यस्थल में डर पर काबू पाने का अभ्यास करना चाहिए, क्योंकि कोई भी कार्य महत्वहीन नहीं है। उन्होंने सुझाव दिया कि सभी को अपने दिमाग में बर्फ की फैक्ट्री, दिल में स्टील की फैक्ट्री और जुबान में चीनी की फैक्ट्री रखनी चाहिए, दूसरों के साथ सम्मान से पेश आना चाहिए और चुनौतियों को स्वीकार करने के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने त्वरित निर्णय लेने पर भी जोर दिया, क्योंकि इससे कार्यस्थल पर लाभ होगा। उन्होंने कई प्रतिभाओं को विकसित करने और विभिन्न दृष्टिकोणों से स्थितियों पर विचार करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

गौरव खरे ने अपने संबोधन में कुशल और दूरदर्शी होने, व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए कौशल विकसित करने और उन्हें वास्तविक जीवन में लागू करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

# सिंधी काउंसिल ने स्व रामजीलाल अग्रवाल को दी श्रद्धांजलि

**प्रतिदिन राजधानी, रायपुर**

सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई के अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने स्व रामजीलाल अग्रवाल को श्रद्धांजलि दी और उनकी सेवा को याद किया सांसद बृजमोहन अग्रवाल को श्रद्धांजलि पत्र सौंपा और कहा बापूजी की सेवा को कभी भुलाया नहीं जा सकता श्रद्धांजलि देते सुनील कुकरेजा धनेश मटलानी रितेश वाधवा दीपक तेजकुमार रामनानी बजाज जितेंद्र मलघानी समस्त सदस्यों ने दुख व्यक्त किया।



# सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा – विधायक कॉलोनी के लिए नहीं उजाड़ा जाएगा नकटी गांव

**प्रतिदिन राजधानी, रायपुर**



राजधानी से लगे नकटी गांव के लोगों के लिए राहत भरी खबर है. रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि विधायक कॉलोनी के लिए नकटी गांव को नहीं उजाड़ा जाएगा. नकटी में विधायक कॉलोनी बनाने का प्रस्ताव आज से नहीं पिछले 10 सालों से है. पहले भी मैं इस प्रोजेक्ट पर रोक लगाया था. अब भी किसी के घर को नहीं उजाड़ा जाएगा। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, नकटी गांव के पास और भी 17 एकड़ जमीन खाली है. वहां विधायक कॉलोनी बनाया जाएगा. अधिकारियों को निर्देशित किया जा चुका है कि किसी का घर नहीं उजाड़ा जाएगा. वहां 10–15 घर प्रधानमंत्री आवास का भी है. किसी भी व्यक्ति को बेघर नहीं किया जाएगा. गांव वालों को परेशान होने की जरूरत नहीं है।

बता दें कि राजधानी रायपुर के सम्मानपुर (नकटी) गांव के 80 से अधिक परिवारों को बेदखली का नोटिस मिला है. इसका विरोध करते हुए नकटी के ग्रामीण 10 दिनों से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं. ग्रामीणों का कहना है कि राज्य सरकार ने उनके पूर्वजों की जमीन पर विधायकों के लिए कॉलोनी बनाने का फैसला किया है, इसलिए उन्हें हटाया जा रहा है।

## सुषमा के स्नेहिल सृजन बाल साहित्य संरक्षण का संकल्प

आओ बच्चों वृक्ष लगाएँ।
जिससे शुद्ध हवा हम पाएँ।।
पक्षी गाते सुंदर गाना।
गाने में तुम साथ निभाना।।
मात–पिता का मान बढ़ाओ।
सेवा से तुम पुण्य कमाओ।।
नेक मार्ग पर बढ़ते जाना।
जीवन में तुम नाम कमाना।।
नैतिकता का पाठ पढ़ाती।
'सुषमा' सुंदर सीख सिखाती।।
सच्चाई का दीप जलाना।
अंधकार को दूर भगाना।।
करना माँ वसुधा की सेवा।
तभी मिलेगी सच्ची मेवा।।
प्यासों को तुम नीर पिलाना।
भोजन भूखों को खिलाना।।

... कवयित्री सुषमा प्रेम पटेल
(रायपुर छ.ग.)

# जोन 8 कार्यालय में जबरदस्त तोड़-फोड़, कब्जा टुटने पर गुस्साई महिला का हंगामा

**प्रतिदिन राजधानी, रायपुर**

राजधानी के कुकुरबेड़ा इलाके में निगम द्वारा बेजा कब्जा पर कार्रवाई से नराज एक महिला ने आज दोपहर जोन कार्यालय 8 पहुंच कर जोरदार हंगामा किया। वही महिला ने परिवार के साथ मिलकर कार्यालय के सभी शासकीय संपत्ति पर तोड़–फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया।




# अंतर्राष्ट्रीय समपार (फाटक) दिवस के अवसर पर चलाया जा रहा जागरुकता अभियान

**प्रतिदिन राजधानी, रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय समपार फाटक जागरूकता दिवस के अवसर पर दिनांक 03.06.25 से 09.06.25 तक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के संरक्षा विभाग के द्वारा समपार फाटक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत दिनांक 04.06.25 को संरक्षा अधिकारियों , संरक्षा सलाहकारों एवं सिविल डिफेंस वोलैंटियर के द्वारा विभिन्न समपार फाटकों जैसे परसदा फाटक (समपार फाटक–429) एवं कुम्हारी बाजार, उरकुरा फाटक (समपार फाटक–414) तथा उरकुरा बाजार, कचना फाटक (समपार फाटक–आर वी–7), वी आई पी गेट (आर वी –6), सिद्धबाबा गेट, भाटापारा(समपार फाटक–385) एवं भाटापारा बाजार तथा पेट्रोल पंप , कुगदा गेट , कुम्हारी (समपार फाटक–430), आर वी एच गेट (आर वी –3) एवं आर वी –10 समपार फाटक में जाकर लोगों को पॉमप्लेट वितरण करके , स्टीकर चिपका कर एवं बैनर लगाकर लोगों को फाटक बंद होने पर उसे पार न करने की काउंसलिंग की गई तथा समपार फाटक को सही तरीके से पार करने एवं इससे संबंधित अन्य महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करते हुए कुल लगभग 850 लोगों की काउंसिलिंग की गई। इस अवसर पर रायपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों में ऑडियो रिकॉर्डिंग के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है एवं महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान किया जा रहा है ।



शांति मिलन



श्री रामजीलाल जी अग्रवाल


अत्यंत दुख के साथ सुचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्य श्री रामजीलाल जी अग्रवाल अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण कर दिनांक 24 मई 2025, शनिवार को गौ-लोक सिधार गए हैं। जिनकी आत्मा की शांति निमित्त...

-श्रद्धांजलि सभा-
शांति मिलन - सायं 4:00 से 7:00 बजे
गरुड़ पुराण एवं पगड़ी रस्म - सायं 4:00 बजे
दिनांक - 5 जून 2025, गुरुवार
स्थान - रॉयल कोर्ट हॉल, बेबीलोन इंटरनेशनल
वी.आई.पी. रोड, रायपुर

शोक संतप्त
बृजमोहन अग्रवाल (पुत्र)
सांसद एवं पूर्व मंत्री, छत्तीसगढ़

शोकाकुल
बिशन लाल अग्रवाल (भाई)

शोकाकुल
पुत्र - गोपालकृष्ण अग्रवाल, विजय अग्रवाल, योगेश अग्रवाल, यशवंत अग्रवाल
भतीजे - पूरनलाल अग्रवाल, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल,
अशोक अग्रवाल, देवेंद्र अग्रवाल, गणेश अग्रवाल
संतोष अग्रवाल (भांजा), मनोज अग्रवाल (बबलू) (नाती)
पोते - मनोज, प्रकाश, सुमीत, मुकेश, गौरव, आशीष, समीर, कुमार मंगलम्, अभिषेक, अक्षत, अमित, विवेक, मयंक, पीयूष, करण, दिव्यम, आदित्य, आयुष, तन्मय, सत्यम एवं समस्त अग्रवाल परिवार
फर्म - पूरण दाल मिल, रामसागर पारा रायपुर, छत्तीसगढ़
संपर्कः
विजय अग्रवाल- 9425202901, दिव्यम अग्रवाल- 9009864000, आदित्य अग्रवाल- 8377860162




स्वामी एवं प्रकाशक शांतिदेवी नचरानी प्रतिदिन राजधानी, प्रतिदिन हाऊस जी.ई.रोड शारदा चौक रायपुर छत्तीसगढ़ के लिए मुद्रक हरीश कुमार नचरानी प्रतिदिन प्रिंटर्स एण्ड पब्लिशर्स कचहरी चौक जेल रोड रायपुर (छ.ग.) द्वारा मुद्रित एवं स्वामी शांतिदेवी नचरानी (रामचंद नचरानी एण्ड संस की कर्ता) द्वारा प्रतिदिन हाऊस जी.ई.रोड शारदा चौक से प्रकाशित। संपादक–शांतिदेवी नचरानी * कार्यकारी संपादक–हरीश नचरानी, मो.–9617598000। (किसी भी विवाद के लिए न्यायलयीन क्षेत्र रायपुर होगा।) RNI NO. CHH HIN/2001/05596 फोन नं.– 0771-2223399, मो.–6262904444